रांची, शुक्रवार

28.06.2024

वर्ष : 9, अंक : 207 पृष्ठ : 12

मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

खबरे हमारी, विश्वास आपका





website : www.bihanbharat.org bihanbharat@gmail.com @bihan_bharat Bihan Bharat RNI NO - JHAHIN/2015/73988


# संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण: पेपर लीक के दोषियों को सजा मिलेगी, आपातकाल काला अध्याय

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे। अठारहवीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया। राष्ट्रपति ने कहा, अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा, सरकार पेपर लीक होने की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि पहले भी कुछ राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने इस संदर्भ में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय स्तर पर कड़े कदम उठाने की



आवश्यकता भी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने भी पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। अभिभाषण के समय राष्ट्रपति के दाएं और बाएं ओर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बैठे हुए थे।

इस अवसर पर सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्य, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा के नेता सदन जे पी नड्डा तथा विभिन्न दलों के नेता एवं सदस्य मौजूद थे। देश में हाल में हुए आम चुनाव के दौरान कश्मीर में हुए मतदान में कई रिकॉर्ड टूटने की ओर ध्यान दिलाते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इन चुनाव के माध्यम से घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन आयोग को बधाई देते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत के लोगों ने हमेशा लोकतंत्र के प्रति अपना पूर्ण विश्वास प्रकट किया है, चुनाव से जुड़ी संस्थाओं पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें इस विश्वास को सहेज कर रखना है, इसकी रक्षा करनी है।

मुर्मू ने कहा, हमारे लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाने की हर कोशिश की सामूहिक आलोचना होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम सभी को वो दौर याद है जब मतपत्रों को छीन लिया जाता था, लूट लिया जाता था। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने के लिए ईवीएम को अपनाने का फैसला किया गया था। मुर्मू ने कहा कि पिछले कई दशकों में ईवीएम ने उच्चतम न्यायालय से लेकर जनता की अदालत तक हर कसौटी को पार किया है। उन्होंने कहा कि अगले संसद सत्र में सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला बजट भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा, बजट में प्रमुख आर्थिक एवं सामाजिक निर्णय लिए जाएंगे और कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सुधारों की गति बढ़ायी जाएगी।

राष्ट्रपति के अनुसार सरकार का मानना है कि निवेश के लिए राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, पिछले दस साल में आठ प्रतिशत की दर से औसत विकास हुआ है जबकि यह कोई सामान्य काल नहीं था। उन्होंने कहा, यह विकास दर विश्व के विभिन्न हिस्सों में वैश्विक महामारी और संघर्ष के बीच हासिल की गयी है। यह पिछले दस वर्ष में सुधारों का परिणाम है। अकेले भारत ने वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत का योगदान दिया है। मेरी सरकार भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. सरफराज अहमद और डॉ. प्रदीप वर्मा ने राज्य सभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**रांची।** झारखंड से नव निर्वाचित झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ. सरफराज अहमद और भाजपा के डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शपथ के बाद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा और सरफराज अहमद का नए मेंबर के रूप में राज्यसभा में स्वागत किया।

### छत्तीसगढ़ में 7 नक्सली गिरफ्तार

**छत्तीसगढ़ :** नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो इनामी नक्सलियों समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक अन्य घटना में एक महिला नक्सली ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया तथा नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के सामने एक महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों की अलग-अलग कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने रामधर वेको (24), सोमलू उरसा (35), सुखराम कोवासी (30), साई वेको (31), लाल सिंह (25), रानू लेकाम (25) और सन्ना उरसा (34) को गिरफ्तार कर लिया है।

### संसद सत्र में रणनीति बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक

**नई दिल्ली :** सांसद सत्र के दौरान विपक्षी इंडिया गठबंधन की रणनीति को लेकर गठबंधन के घटकों के संसदीय दल के नेताओं की आज यहां बैठक हुई जिसमें संसद सत्र के लिए रणनीति बनाने पर विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई बैठक में घटक के लगभग सभी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में शामिल हुए नेताओं ने कहा कि इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और तय किया गया कि गठबंधन के सभी दल एकजुटता के साथ और मजबूती से संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे और जनहित के मुद्दों को सदन में उठाएंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में इंडिया जनबंधन में शामिल सभी दलों के फ्लोर लीडर्स की बैठक में सम्मिलित हुआ।

### मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की

# शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता : चम्पाई

बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) ग्रामीण के अंतर्गत छोटी-बड़ी जितनी भी योजनाएं ली गई हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत अवश्य पूरा करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वैसे सभी घर जहां नल से जल पहुंचाया गया है, समीक्षा करें कि योजना के तहत लगाए गए नलों में जल की उपलब्धता है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत आच्छादित सभी घरों में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने निमित्त एक महत्वपूर्ण योजना है। हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ पेयजल समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित सभी जलापूर्ति परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कर राज्य में सुलभ पेयजल उपलब्धता तथा कनेक्शन



कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव बेहतर तरीके से हो इस निमित्त विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत नए नलकूपों के कार्य प्रगति में तेजी लाएं। खराब पड़े नलकूपों की मरम्मती कार्य भी अवश्य कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विभाग विशेष कार्य योजना भी बनाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत इंटागढ़ तथा डूडरा कमलपुर में विश्व बैंक संपोषित जलापूर्ति योजना 2023 में ली गई थी, परंतु एजेंसी की लापरवाही के वजह से यह योजना पूरी नहीं हो सकी, जिस एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती गई है विभाग उस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा नई स्वीकृति कराकर इस जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से ऐसी खबरें मिली रही हैं कि राज्य के कुछ जिलों में चूंआ, तालाब, कुआं आदि जल स्त्रोतों से ग्रामीण पीने का पानी ला रहे हैं, जिन-जिन क्षेत्रों में ऐसी खबरें मिल रही है वहां जांच कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें विभाग को मिल रही हैं उसका निराकरण हर हाल में करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसी सभी बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं जिसे माह सितम्बर-अक्टूबर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, उन सभी योजनाओं को माह जुलाई-अगस्त 2024 तक हर हाल में पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर कुछ ऐसे पहाड़ हैं जहां से झरना गिरता है उन जगहों पर भी जलापूर्ति योजनाएं ली जा सकती हैं। ऐसे पहाड़ों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनाए जा रहे शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास योजना से जोड़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए मात्र 12 हजार रुपए राशि दी जाती है, अधिकारी इसकी भी समीक्षा करें कि इतनी राशि में गुणवत्तापूर्ण शौचालय बनाया जा सकता है या नही। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अबुआ आवास के लाभुकों को एक बेहतर शौचालय देने के लिए प्रतिबद्ध है जो लम्बे समय तक उपयोग में लाया जा सके। मुख्यमंत्री ने गोबरधन परियोजना अंतर्गत निर्मित गोबरगैस प्लांट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। ग्रामीणों को गोबरगैस प्लांट के फायदे की जानकारी उन तक पहुंचाएं।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, तेजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अभियंता प्रमुख ब्रजनंदन कुमार, मुख्य अभियंता, मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राहुल ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की, बोले सदन में आपातकाल के उल्लेख से बचा जा सकता था



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा सदन के भीतर आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर यह कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था और इससे बचा जा सकता था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिस दौरान गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल का उल्लेख किए जाने का मुद्दा भी उठाया।

उन्होंने कहा, यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया। उसके बाद राहुल गांधी गठबंधन के सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से मिले। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी ने सदन में आपातकाल की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की, वेणुगोपाल ने कहा, हमने संसद के कामकाज के बारे में कई चीजों पर चर्चा की। निश्चित तौर पर यह मुद्दा भी उठा। कांग्रेस नेता ने बताया, राहुल जी ने विपक्ष के नेता के रूप में अध्यक्ष को इस मुद्दे के बारे में सूचित किया और कहा कि अध्यक्ष की तरफ से इसे टाला जा सकता था। यह स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक संदर्भ था, इसे टाला जा सकता था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गांधी की अध्यक्ष के साथ यह पहली बैठक थी। उनके साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, द्रमुक की कनिमोझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी के अलावा कुछ अन्य लोग भी थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के फिर से अध्यक्ष बनने के कुछ देर बाद बुधवार को सदन में उस वक्त हंगामा देखने को मिला जब बिरला ने 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की निंदा करते हुए बुधवार को एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा और नारेबाजी की।

# चारधाम यात्रा : भक्तिपथ पर्यटन को लगाएगा पंख, विश्व फलक पर आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा

### पहाड़ियों से समतल तक मन्नतों की मंजिल, भक्ति पथ पर आस्था की हिलोर

### चारधाम यात्रा चरम पर, अबतक 27 लाख 24 हजार 679 तीर्थयात्री नवाए शीश

एजेंसी

**देहरादून।** देवभूमि...ये आस्था की डगर है। नंगे पांव, लंबा सफर, पहाड़ी रास्ता और हर हर महादेव, बम-बम भोले का उन्माद भरा मंत्र। पहाड़ियों से समतल तक ये मन्नतों की मंजिल बदस्तूर जारी है। देवाधिदेव श्रीकेदारनाथ की महिमा से अभिभूत भक्त मनोकामना पूर्ति के लिए ये डगर अपनाते हैं। देवभूमि उत्तराखंड की विश्व विख्यात चारधाम यात्रा का अनुभव



एक अद्भुत रोमांच है। इस भक्ति पथ से पर्यटन को पंख लगेगा और उत्तराखंड राज्य विश्व फलक पर आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा।

देवभूमि धार्मिक महत्व के साथ अपनी प्राकृतिक आभा के लिए भी वैश्विक पटल पर भारत के आध्यात्मिक ऐश्वर्य एवं सौंदर्य को अंकित करता है। इसी सुरम्य परिवेश में भगवान भोलेनाथ का प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग केदारनाथ स्थित है। प्रसिद्ध 12 ज्योर्तिलिगों में से एक अपने रुद्र रूप में भगवान शिव 3584 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम में स्वयंभू शिव के रूप में विराजमान हैं। हिमालयी राज्य उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम विश्व की आस्था एवं आध्यात्मिक चेतना का पर्याय है। चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों में सबसे अधिक क्रेज केदारनाथ धाम को लेकर है। इन दिनों चारधाम यात्रा को लेकर भक्ति पथ पर आस्था की हिलोर दिख रही है। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर प्रशासन से लेकर शासन स्तर के अधिकारी ग्राउंड जीरो पर है और यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में अब तक 27 लाख 24 हजार 679 तीर्थयात्री आ चुके हैं। चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम से जारी रिपोर्ट के अनुसार केदारनाथ धाम में अब तक सबसे अधिक नौ लाख 90 हजार 340 तीर्थयात्री शीश नवा चुके हैं। वहीं बद्रीनाथ धाम में 784260, यमुनोत्री धाम में चार लाख 61 हजार 157 तो गंगोत्री धाम में चार लाख 88 हजार 922 श्रद्धालु हाजिरी लगा चुके हैं। उधर, हेमकुंड साहिब में अब तक एक लाख 14 हजार 927 श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं।

### आस्था के सम्मान के साथ सुविधाएं बढ़ने से धार्मिक पर्यटन को मिली नई पहचान

उत्तराखंड की विश्व विख्यात चारधाम यात्रा का क्रेज साल दर साल बढ़ता जा रहा है। आस्था के सम्मान के साथ सुविधाएं बढ़ने से उत्तराखंड के धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिली है। इन दिनों चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्री अच्छा अनुभव लेकर गए तो आने वाले वर्षों में तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

बिभा संवाददाता

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में शामिल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक



हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ा दी है। अगली पेशी 11 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जाएगी। इससे पहले 13 जून को मामले में पेशी हुई थी।

उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाले मामले में ईडी ने पूछताछ के बाद 31 जनवरी को इस्तीफा देने के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। हेमंत सोरेन एक फरवरी से न्यायिक हिरासत में हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार बाइक के टक्कर से पैदल जा रहे ट्रक चालक की मौके पर हुई मौत



**खलारी(बिभा)।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा पिपरवार मुख्य मार्ग पर चुरी परियोजना के निकट एक तेज रफ्तार बाइक के टक्कर से सड़क पर पैदल जा रहे एक ट्रक चालक 55 वर्षीय शंभू पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की शाम 7:30 बजे की बताई जा रही है। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया और बाइक छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ट्रक चालक और गाड़ी मालिक मौके पर पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया है। उसके बाद घटना की सूचना खलारी पुलिस को दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कारवाई में जुट गई है।मृतक ट्रक चालक सुभाष नगर निवासी भाजपा नेता विकास दुबे का ट्रक चलाता था। विदित हो कि ट्रक चालक ट्रक को लेकर चूरी परियोजना कोयला लोड करने गुरुवार पहुंचा था। गाड़ी लोड नहीं होने के कारण वह देर शाम अपने दो अन्य साथियों के साथ मुख्य सड़क पर बने एक झोपड़ी नुमा होटल में खाना खाने के लिए पैदल ही सड़क पर जा रहा था।मृतक पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना के गोलापत्रा गांव के निवासी है।इसी दौरान पीछे से ही आ रही एक तेज रफ्तार होंडा शाइन बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद ट्रक चालक शंभू पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक सवार काफी नशे में था और तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**रातू(बिभा):** रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ निवासी भोला साव की पत्नी रानी कुमारी( 19 ) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली . घटना को लेकर मृतिका के पति भोला साहू रातू थाना में मामला दर्ज कराया है. जानकारी अनुसार भोला साव प्रत्येक दिन की भांति प्राईवेट कंपनी में नाईट गार्ड का काम कर सुबह 10 बजे घर लौटा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है.काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसको अनहोनी की आशंका हुई और वह दरवाजा को तोड़कर अंदर गया.अंदर देखा कि उसकी पत्नी छत के हूक में फांसी लगा ली है.उसने तत्काल इसकी सूचना रातू थाना को दी.रातू पुलिस ने शव का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.मृतिका के पति ने बताया कि रानी कुछ दिनों से अपने मायके को लेकर तनाव में थी.शायद इसी वजह से उसने आत्महत्या की होगी।पुलिस मामले की जांच कर रही है .

### पूर्व बीएलो की दिल का दौरा पड़ने से निधन



**रातू(बिभा):** रातू के समाजसेवी हुरहुरी ग्राम निवासी जुगेशवर सिंह की पत्नी अंजू देवी,( 45 )का वुधवार रात्रि 11 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया .वह अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्रियां छोड़ गई है.वह महिला समिति, स्वयं सहायता समूह तथा अपने पंचायत के बीएलो भी रह चुकी थी.और राजनीति से भी जुड़ी थी.वह आजसू की महिला समिति की प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुकी है.उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है.

### मिल्क पिकअप वैन नियंत्रित होकर पलटा, चालक सुरक्षित



**सोनाहातू(बिभा)।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा पंचायत के जिन्तुडीह गांव के एयरटेल-जिओ टावर के समीप सिल्ली-रांगामाटी सड़क पर बीती रात करीब 2 बजे एक मिल्क पिकअ वैन जेएच 02 बीएम 3470 अनियंत्रित होकर पलट गया। मिल्क पिकअप वैन में करीब 200 लीटर दूध का पैकेट लदा हुआ था, मिल्क पिकअप वैन का चालक विनीत कुमार को हल्की चोट लगी है। मिल्क पिकअप वैन के चालक का कहना है कि वह प्रतिदिन चौका से दूध लेकर हजारीबाग जाता है बीती रात चौका से दूध लेकर जा रहा था इसी क्रम में पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे करीब 100 लीटर दूध का पैकेट का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सोनाहातू पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहारे मिल्क पिकअप वैन को उठाया गया। घटनास्थल पर एएसआई राकेश कुमार एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### अपरिहार्य तकनीकी कारणों से दो जोड़ी ट्रेनों का रद्द

**धनबाद(बिभा):** अपरिहार्य तकनीकी कारणों के कारण निम्नलिखित ट्रेनों का रद्दीकरण किया जाएगा जिसका विवरण इस प्रकार है-

13345 वाराणसी- सिंगरौली मेमू 30.06.24 से 24.07.24 तक
13346 सिंगरौली- वाराणसी मेमू01.07.24 से 25.07.24 तक
13343 वाराणसी- शक्तिनगर मेमू 28.06.24 से 25.07.24 तक
13344 शक्तिनगर- वाराणसी मेमू 29.06.24 से 26.07.24 तक।

### यात्री सुविधा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का विस्तार

**धनबाद(बिभा):** यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का विस्तार किया जाएगा जिसका विवरण इस प्रकार है- 02832 भुवनेश्वर - धनबाद स्पेशल प्रतिदिन 30.06.24 से 30.07.24 तक 02831 धनबाद - भुवनेश्वर स्पेशल प्रतिदिन 01.07.24 से 31.07.24 तक। उपरोक्त विशेष ट्रेनों का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 02832/ 02831 भुवनेश्वर - धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा।

### रांची जगन्नाथपुर मेले का एक करोड़ 92 लाख में हुआ टेंडर

**रांची(बिभा)।** राजधानी के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर ऐतिहासिक मेले की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। इसके मद्देनजर जगन्नाथ मेले का एक करोड़ 92 लाख में टेंडर हुआ है। पटना के आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग ने सबसे अधिक बोली लगाकर ये टेंडर लिया है। पिछले साल भी टेंडर प्रक्रिया से मेला का ठेका दिया गया था, जिसमें आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख की सबसे ऊंची बोली में टेंडर लिया था। इस साल मेला का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपये से शुरू थी। कुल 11 लोगों ने टेंडर डाला था। तीन लोगों का टेंडर टेक्निकल बीड में रद्द किया गया।

# आंदोलनकारियों को 10-10 हजार रु. सम्मान पेंशन राशि दिया जाएगा: दीपक बिरुवा

बिभा संवाददाता



**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल आज संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो के नेतृत्व में धुर्वा स्थित वरीय झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित झारखंड सरकार तथा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग व परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से उनके आवास में मिला। इस दौरान आंदोलनकारियों के दुख- सुख के संदर्भ में चर्चा हुई। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की मांगों पर विचार व्यक्त करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि जेल जाने की बाध्यता को दूर कर झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से 10 -10 हजार सम्मान पेंशन राशि देने पर मुख्यमंत्री के साथ विचार विमर्श किया जाएगा और चुनाव से पहले इसे लागू कराया जाएगा। रासुका एक्ट के तहत गिरफ्तार झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों को विशेष लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपैया तक चिकित्सा सुविधा का लाभ झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी को दिया जाएगा तथा मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत प्रत्येक आंदोलनकारी के लिए विशेष सेवा सुविधा व कार्ड निर्गत किया जाएगा। आंदोलन कार्यों को सुविधा एवं लाभ देने के संदर्भ में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से विशेष बातचीत हो चुकी है एक बार और बैठक कर विभिन्न योजनाओं पर नीतिगत रूप से बात की जाएगी और योजनाओं का लाभ एवं सुविधाओं का लाभ आंदोलनकारी को चुनाव के पूर्व सरकार के द्वारा दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं आंदोलनकारी हूं आंदोलनकारियों के दर्द को समझ सकता हूं। निश्चित ही आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान विधानसभा चुनाव के पूर्व ही होगा।

इस अवसर पर अपनी मांग के संदर्भ में संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि 1912 से लंबे संघर्ष और शहादतों के बाद झारखंड अलग राज्य का गठन 15 नवंबर 2000 ई में हुआ। आज राज्य बनाने वाले झारखंड अलग राज्य के अधिकतर आंदोलनकारियों एवं आश्रितों को हाशिये में किसी तरह जीवन यापन करना पड़ रहा है। आर्थिक तंगी व समुचित इलाज नहीं करा पाने के कारण विकलांगता एѕ

अकाल मृत्यु को प्राप्त होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 3 ए के तहत झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित किया जाए तथा झारखंड आंदोलनकारियों को राज्य गठन की तिथि से राजकीय मान -सम्मान ,अलग पहचान, रोजी- रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपए दिए जाएं।

केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारी के प्रति संवेदनशील हो आज आंदोलनकारी के कारण ही राज्य में सरकार है और झारखंड की पहचान भी आंदोलनकारियों के कारण ही है लेकिन आंदोलनकारियों की उपेक्षा सबसे दुखद बात है।आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान सरकार समय रहते करें।


केंद्रीय संयोजिका श्रीमती सरोजिनी कच्छप ने कहा कि जिसने झारखंड अलग राज्य के लिए संघर्ष किया शहादत दिए उनके परिजनों की ही दुर्दशा अपने ही राज्य में अपने ही लोगों के रहते हो रहे हैं।

# चरकुडीह का आंगनबाड़ी भवन जर्जर, बड़ी घटना की आशंका

**1 साल से सहायिका के घर में चल रहा है आंगनबाड़ी केंद्र**

**आंगनबाड़ी केन्द्र के नाम का किराया आखिर किसको दिया जाता है..**

बिभा संवाददाता





**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेन्दा पंचायत के चरकुडीह गांव का आंगनबाड़ी भवन काफी जर्जर स्थिति में है। आंगनबाड़ी केंद्र का का छत कई जगह से गिरने की स्थिति में है। केंद्र में एक भी दरवाजा और खिड़की सही नहीं है। जिस कारण कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका जतायी जा रही है। दरवाजा नही होने का कारण कभी भी आवारा कुत्ता, बैल, बकरी, प्रवेश कर डेरा जमा लेते है। केन्द्र में बाथरूम बनाया गया था, लेकिन देखरेख नहीं होने के कारण बर्बाद हो चुका है। केंद्र का बाउंड्रीवाल भी गिर चुका है। पानी का कोई व्यवस्था नहीं है। केन्द्र में सोलर टंकी तो लगी है, लेकिन मशीन का कहीं आता-पता नहीं है। विभाग के पदाधिकारी कभी भी केन्द्र का निरीक्षण नहीं करते हैं। सेविका द्वारा केंद्र का मरम्मत का आवेदन कई बार दिया गया है।

इधर सोनाहातू प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेस कुमार का कहना है कि वर्तमान में आंगनवाड़ी भवन जर्जर होने के कारण किराए के मकान में चलाया जा रहा है।

आंगनबाड़ी सेविका लखीमनी देवी का कहना है कि करीब 1 साल से सहायिका का घर में आंगनवाड़ी केंद्र चलाया जा रहा है। विभाग में सीडीपीओ को इस विषय पर आवेदन भी दिया गया था परंतु अभी तक कुछ कार्रवाई नहीं हुई है। प्रत्येक महीना इसका रिपोर्ट भी दिया जा रहा है। सेविका का कहना है कि 1 साल से सहायिका का घर में केंद्र चलाया जा रहा है लेकिन अभी तक किसी भी तरह का मकान का किराया नहीं मिला है। आखिर आंगनबाड़ी केंद्र के नाम पर किराया किसको दिया जाता है। जानकारी नहीं दिया जाता है।

## झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्षों ने किया रामगढ़ का दौरा



बिभा संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) शमशेर आलम एवं उपाध्यक्ष द्वय (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) ज्योति सिंह माथारू ने रामगढ़ जिले के दौरे के दौरान गुरुवार को परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समूह के लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक के उपरांत उनके द्वारा जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को भी चुना गया एवं उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

परिसदन रामगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वय द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को रामगढ़ जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही उनके द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के कई सवालों के जवाब भी दिए गए।

## पानी की समस्या को लेकर मोहननगर कॉलोनी के लोगों ने खलारी बीडीओ को सौंपा मांग पत्र



बिभा संवाददाता

**खलारी:**खलारी प्रखण्ड के चुरी मध्य पंचायत के मोहननगर स्थित सौ कॉलोनी सेन्टर में पानी की किल्लत से लोग परेशान है।पानी की समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने खलारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नाम गुरूवार को एक पत्र सौपा। मोहननगर कॉलोनी के ग्रामीणों ने बीडीओ को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि चुरी मध्य पंचायत के मोहननगर स्थित विद्या विकास केन्द्र विद्यालय में प्रखण्ड की ओर से बोरिंग कर मोटर के द्वारा सौ कॉलोनी के 80 घरों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था बनाया गया है। जो कि पानी सप्लाई मोटर में आये दिन खराबी आ जाती है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी की सुविधा से वंचित ह जाते है। ग्रामीणों के द्वारा कुछ पानी मोटर की खराबी हो जाने पर अपने पैसों से बना लेते थे। लेकिन इस बार मोटर खराब हो गया है। जिसके कारण आश्रित सभी घरों में पानी की सप्लाई नही हो पा रही है। लोगों ने खलारी बीडीओ से तत्काल कार्रवाई कर लोगों की समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया है। मौके पर पिंटु पांडे, झामुमो नेता नौशाद आलम, अमजद खान, राजू लोहार, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, सुमन देवी, नीतू देवी, रीता कुमारी, पार्वती देवी, ज्योति देवी, इंदु देवी, सुनैना देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## ग्रामीणों ने चोरी किए हुए हाई टेंशन के एंगल के साथ नौ चोरों को किया पुलिस के हवाले

बिभा संवाददाता



**मांडर।** थाना अंतर्गत करगे पंचायत के बड़का हातमा के ग्रामीणों ने गुरूवार दोपहर चोरी किए हुए हाईटेंशन के एंगल के साथ नौ चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये चोरों में हजारीबाग बड़कागांव के सिमरतिरि निवासी विनोद कुमार महतो, बड़कागांव महूदी के मेघु राणा, बुढ़मू के माशूक अंसारी, बुढ़मू ईचापीड़ी के इजहार मलिक, साहिल मलिक, चकमे गांव का गुलजार अंसारी, मक्का गांव का दीपक साहू एवं काशीटोला का रामनाथ लोहार शामिल हैं।

इनके पास से चार बाइक जेएच 01 सी- 7433, जेएच 02के- 0468, जेएच 08एफ- 8129, जेएच 01ए-6241 सहित हाईटेंशन के करीब पांच क्विंटल टावर का एंगल बरामद किया गया है। ग्रामीणों ने बताया सभी चोर हातमा जंगल के निकट बाइक खड़ी कर खा पी रहे थे। एक साथ इतने लोगों को बोरा में बंद सामान के साथ देख गांव के लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने घेर कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में बिजली के टॉवर के एंगल की चोरी करने के धंधे से जुड़े होने की जानकारी मिलने और उनके पास चोरी एंगल मिलने के बाद इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी गयी और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार जब मौके पर ग्रामीण जमा हो रहे थे तो भीड़ देखकर एक चोर मौके से फरार हो गया था। मांडर पुलिस पकड़े गये चोरों से जरूरी पूछताछ कर रही है।

## आरा-सासाराम-डीडीयू रेलखंड का महाप्रबंधक ने निरीक्षण कर निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की

बिभा संवाददाता



**हाजीपुर/रांची:** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आज आरा-सासाराम-पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड का निरीक्षण कर रेलवे ट्रैक, पुल/पुलियों आदि का गहन मुआयना किया गया । इस दौरान उन्होंने आरा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के मध्य के स्टेशनों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, पेयजल सुविधा सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने गढ़नोखा स्टेशन पर स्टेशन परिसर, सकुर्लेटिंग एरिया, पैनल रूम आदि का निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण एवं क्रू लॉबी का जायजा लिया गया । महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी में ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया ।

इसके साथ ही महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरो, विक्रमगंज, सासाराम आदि स्टेशनों के पुनर्विकास से संबंधित कार्यों का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।

महाप्रबंधक ने सासाराम एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर संवाददाताओं से वार्ता की । इस वार्ता में महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । यात्रीगण इन ट्रेनों से यात्रा कर अपनी यात्रा आरामदायक बना सकते हैं । महाप्रबंधक ने रेल परिचालन में संरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है ।

### धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 31.07.2024 तक के लिए विस्तारित किया गया है । विस्तारित अवधि के साथ गाड़ी संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन 30.06.2024 से 30.07.2024 तक 31 ट्रिप चलायी जाएगी । इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल का परिचालन 01.07.2024 से 31.07.2024 तक किया जाएगा । इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, वातानुकलित द्वितीय श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच लगाए जा रहे हैं ।

## झामुमो खलारी की बैठक कर कमिटी गठन संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



बिभा संवाददाता

**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने खलारी सीमेंट फैक्ट्री के यूनियन कार्यलय में एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान एवं संचालन कलाम रिज्वी ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खलारी प्रखंड के सभी पंचायत को मजबूत करने के लिए महिला मोर्चा,किसन मोर्चा एवं क्रीड़ा मोर्चा का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विचार विमर्श करते हुए संगठन विस्तार एवं बूथ लेबल को भी मजबूत करने के लिए कमर कस ली है।बैठक में पांच प्रस्ताव रखा गया है।जिसमे कांके विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा से पर्त्यशी,खलारी प्रखंड में युवा मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा सभी पंचायत में कमिटी का गठन सहित अन्य पर चर्चा करते हुए गठन किया जाएगा।बैठक में राजेश प्रसाद, कमलेश प्रशाद,चितरंजन सिंह,राजकुमार,प्रवीण चौहान गंझू,सुधीर चौहान ,सुनील यादव,जैनुल खाँ,मुकेश यादव,गौरव सिंह,नौसाद आलम, हैदरअली खाँ, यकुब अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, संभुदास सी कुजर,जोगिंदर राम, सदस्यता ग्रहण करने में ऋतम कुमारी,पार्वती देवी,इन्दु देवी,सुमन देवी,सुनैना देवी,नीतू कुमारी,ज्योती कुमारी,अभय मिश्रा,अभिषेक शाहू,राजीव कुमार,अमन कुमार,प्रेम केसरी साहित अन्य शामिल थे।

# संक्षिप्त खबरें

## झारखंड हाई कोर्ट ने पूछा, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड क्यों नहीं..?

**रांची(बिभा)** । झारखंड हाई कोर्ट में रांची में ऑटो चालकों के लिए नियम बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने परिवहन विभाग, रांची नगर निगम, रांची के एसएसपी और डीसी को यह बताने का निर्देश दिया है कि ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड क्यों नहीं है? अदालत ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालक ड्रेस कोड का पालन करें। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और अरुण कुमार राय की बेंच में सुनवाई हुई। अदालत अब इस मामले में चार जुलाई को सुनवाई करेगा। राज्य सरकार की ओर से इस मामले में श्रीनु गणपति ने बहस की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की।

## झारखंड हाई कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव और रिम्स डायरेक्टर को 28 को किया तलब

**रांची(बिभा)**। झारखंड हाई कोर्ट ने 28 जून को राज्य के स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव और रिम्स के डायरेक्टर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में हुई। कोर्ट में गुरुवार को रिम्स के डायरेक्टर सशरीर उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रिम्स की व्यवस्था क्यों नहीं सुधर रही? इसपर उन्होंने कोर्ट को बताया कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए जो प्रपोजल उन्होंने अलग-अलग विभागों में दिए थे, वह रुके हुए हैं। इसके बाद अदालत ने इन अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया। रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने और एमआरआई मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने को लेकर ज्योति शर्मा ने जनहित याचिका दायर की है।

## पेड़ पौधे हैं तो जीवन है :बाबूलाल मरांडी



**रांची(बिभा)** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सिकिदिरी मंडल अंतर्गत नवागढ़ पंचायत में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक वृक्ष मां के नाम के तहत पौधारोपण सह बूथ कार्यकर्ता सम्मान, अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा प्रकृति हमारी मां है जो समस्त पृथ्वी वासियों की रक्षा करती है। प्रकृति की शोभा पेड़ पौधे,वृक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाकर हम प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करें तभी प्रकृति हमारे जीवन की रक्षा करेगी। भाजपा अपने स्थापना काल से केवल राजनीतिक नही बल्कि रचनात्मक कार्यक्रम के साथ भी जनता की बीच जाती है। भाजपा प्रकृति और संस्कृति दोनो की सुरक्षा केलिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री जी ने इस वर्ष हमारे पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23जून से लेकर उनकी जयंती 6जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान का आह्वान किया है।पार्टी के बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा मां के नाम पेड़ लगाकर हमे उसकी देखभाल की जिम्मेवारी लेनी है,उसे बचाना भी है । उन्होंने जनता एवम कार्यकताओं से इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आहवान किया।

## गृहमंत्री अमित शाह से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने की मुलाकात



**रांची (बिभा)**: नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें पुनः देश का गृह एवं सहकारिता मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी। इसके साथ ही झारखंड राज्य में विकास कार्यों और वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा की। आजसू अध्यक्ष ने राज्य की जरूरतों और विषयों के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को उन्हें जानकारी दी। सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित एनडीए की सरकार तीसरे कार्यकाल में भी देश में विकास और सफलता के नये आयाम स्थापित करेगी।

## कल्पना सोरेन ने थाईलैंड से जीतकर आए भारतीय पारा थ्रो बॉल टीम खिलाड़ियों से मुलाकात की



**रांची(बिभा)** : कल्पना सोरेन जी ने कांके रोड राँची स्थित आवास पर थाईलैंड से जीत कर आए पारा थ्रो बॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की एवं उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायिका ने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएँ दीं। खिलाड़ियों ने माननीय विधायक को बताया की लगातार पांच प्रतियोगिताओं में विजेता बनकर टीम लौटी है इससे पहले सभी खिलाड़ी नेपाल भूटान मलेशिया एवं थाईलैंड से स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। मिलने वालों में खिलाड़ी सनोज महतो, मुकेश कंचन, मुकेश कुमार महावीर बिन, (पुरुष वर्ग) असुंता टोप्पो, पुष्पा मिंज, संजुक्ता एक्का, तारामणि लकड़ा, महिमा उरांव (महिला वर्ग,) पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष पतरस तिर्की मौके पर मौजूद रहे ।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रांची स्मार्ट सिटी में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला , राज्य का होगा तीसरा निजी मेडिकल कॉलेज

# राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता :चम्पाई

बिभा संवाददाता



**रांची** : राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में स्वास्थ्य संरचनाओं को बेहतर करने का प्रयास निरंतर जारी है ।मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से निश्चित तौर पर राज्य के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

### ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

### निवेशकों को पूरा सहयोग करेगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। वे अपना प्रस्ताव दें, सरकार पूरी गंभीरता से विचार करेगी। निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास की गति तेज करने के लिए यह कदम उठाए जा रहा है।

### इलाज के लिए राज्य के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं । वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनके आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। जांच की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है ।मुख्यमंत्री ने कहा नए अस्पतालों के खुलने से लोगों को इलाज करने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी ।

### ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर सरकार का विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दिशा में स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत कर रहे है। सरकार इसके लिए तो कार्य कर ही रही है लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को भी इसके लिए आगे आना होगा। वे ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए अन्यत्र इधर-उधर जाना नहीं पड़े। सभी के सहयोग से हम राज वासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में सफल होंगे।

शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ अभिजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

## चम्पाई सोरेन से पासवा के प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की



**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से झारखंड मंत्रालय में पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने पासवा द्वारा आगामी 2 जुलाई 2024 को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मालूम हो कि पासवा द्वारा इस अवसर पर राज्य से जैक, सीबीएसई, और आईसीएसई बोर्ड के 10वीं तथा 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उतीर्ण हुए 15 हजार मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के 31 छात्र-छात्राओं को सौंपा नियुक्ति पत्र



बिभा संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विशेष प्रयोजन वाहिनी ( एसपीवी) के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के 31 छात्र- छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि उनके कौशल विकास और रोजगार के लिए सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने के साथ आपके दायित्व भी बढ़ गए हैं। आपको अपने घर- परिवार को चलाने के साथ समाज, राज्य और देश के लिए जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, क्योंकि आपसे बहुत कुछ जुड़ा है।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि संसार में कभी कोई कार्य रुकता नहीं है । ऐसे में बदलते समय के अनुरूप अपने को बनाए रखना जरूरी है। आप अपने कार्यों में निरंतरता के साथ सीखने की प्रक्रिया भी हमेशा जारी रखें। यह आपको और भी आगे ले जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां जिन छात्र- छात्राओं को नियुक्ति पत्र मिला है, उनमें ज्यादातर ग्रामीण परिवेश के हैं। ऐसे में आप उनके लिए किसी न किसी रूप में प्रेरणा स्रोत बनेंगे। आपकी सफलता ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आपके पास हुनर होगा तो रोजगार के अनेकों मौके मिलेंगे।

प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के जिन विद्यार्थियों को आज नियुक्ति पत्र मिला, उनमें कल्याण गुरुकुल के 13 विद्यार्थियों का चयन दुबई की एक कंपनी, नर्सिंग की चार छात्राओं का चयन हैदराबाद के एक बड़े अस्पताल, कलीनरी के छह विद्यार्थियों का चयन राजस्थान और आठ विद्यार्थियों का हैदराबाद के एक बड़े होटल के लिए हुआ है।

इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव कृपानंद झा और प्रेझा फाउंडेशन के मुख्य परियोजना पदाधिकारी एम कुमार मौजूद थे।

# मंत्री के आदेश के बाद बाल संसद में हो रहा स्कॉलरशिप मंत्री का चयन

### बच्चों को छात्रवृत्ति के प्रति जागरूक करना है उद्देश्य

बिभा संवाददाता

**रांची** : राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में स्कॉलरशिप मंत्री पद का सृजन किया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री श्री दीपक बिरुआ के आदेश के उपरांत उपरोक्त पदों का सृजन हो रहा है, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति को लेकर जागरूक हो सकें।

ऐसी ही एक मंत्री बनी है जानकी कुमारी। पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जानकी अब बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए जागरूक कर रही है। वह यह सुनिश्चित करती है कि उसके विद्यालय के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो। ऐसे ही सभी सरकारी विद्यालयों में जानकी जैसे बच्चों को छात्रवृत्ति मंत्री पद पर



नियुक्त किया जा रहा है। इससे पूर्व मंत्री श्री दीपक बिरुआ ने जिला के उपायुक्तों को स्कूल स्तर पर कैम्प लगाकर मिशन मोड में सभी छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड को बैंक खाता से जोड़ने, केवाईसी कराने, ऑनलाइन जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया है।

### स्कॉलरशिप मंत्री की जिम्मेवारी

विभिन्न विद्यालयों में बनाए जा रहे स्कॉलरशिप मंत्री को सभी छात्रों के लिए पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में सटीक और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि उनके स्कूल के सभी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पूरा हो। प्रधानाचार्यों से भी फॉलोअप करना होगा, ताकि किसी अस्वीकृति के बारे में पता चल सके और फिर सुधारात्मक उपाय किए जा सकें। योग्य छात्रों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासन के साथ मिलकर काम करना है, ताकि विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें। आवेदन प्रस्तुतियों का ट्रैक रिकार्ड रखना और छात्रों के साथ फॉलोअप कर प्रक्रिया को पूरा करना भी कार्य दायित्व में शामिल है।

किसान के ज्वलंत मुद्दा को लेकर देवेन्द्र नाथ महतो सिल्ली बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# मंहगी बीज के कारण किसान खेती करने में असमर्थ : देवेन्द्र नाथ महतो

बिभा संवाददाता

**रांची** : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सिल्ली विधान सभा के प्रतिनिधिमंडल जेबीकेएसएस केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में सिल्ली क्षेत्र के किसानों को मुफ्त धान बीज और खाद वितरण की मांग को लेकर सिल्ली बीडीओ को सौंपा ज्ञापन।

मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के लोगों का जीवन यापन मुख्य रुप से कृषि पर निर्भर है। धरती पुत्र किसान झारखंड के रीढ़ का हड्डी है। सालों भर का मुख्य फसल धान है। झारखण्ड में मानसून का प्रवेश हो चुका है। धान बीज बोने के लिए किसान खेत को तैयार कर चुके हैं, लेकिन ब्लॉक से समय पर बीज - खाद का वितरण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण सभी गांव से



किसानों को बाजार से महंगा से महंगा दर पर खाद बीज खरीदना पड़ रहा है, निजी कंपनियां बड़ा मुनाफा कमा रही है तथा हमारा धरती पुत्र किसान गरीब होते जा रहें हैं। मंहगी बीज होने के कारण कई किसान तो खेती करने से भी असमर्थतता जाहिर किया है।

कृषि उत्पादन में बीजों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण रहती है , बीज खेती का आधार और मूलमंत्र है, किसान जैसा बीज बोयेंगे वैसा काटेंगे, अच्छी गुणवत्तापूर्ण बीज से ही फसलों का भरपूर उत्पादन प्राप्त होता है, परंतु अभी तक हमारे धरती पुत्र किसानों के बीच मुफ्त बीज खाद का वितरण नहीं किया जा रहा है जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है तथा किसान भारी चिंतित हैं।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तत्काल आवेदन को संज्ञान में लेते हुए ससमय मुफ्त बीज खाद का वितरण करके किसानों के समस्या का समाधान किया जाय, अन्यथा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसका जवाबदेही विभाग की होगी।

मौके पर जेबीकेएसएस सिल्ली क्षेत्र के केन्द्रीय वरीय सक्रीय सदस्य खुदीराम महतो, संजीव महतो, प्रकाश, कार्तिक, जयलाल, सुभाष मुंडा, जयराम पातर, सलित नायक, चंडी जी के अलावा अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

# झारखंड मिल्क फेडरेशन ने स्थापना दिवस मनाया

बिभा संवाददाता

**रांची** : किसान प्रशिक्षण केंद्र, धुर्वा, रांची में झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा अपने किसानों के साथ 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मेधा डेरी के महा प्रबंधक पवन मरवाहा एवं दुग्ध संकलन प्रमुख एम. गोविन्दम के द्वारा दीप प्रज्वलन से कीया गया, इसके बाद केक काट कर के इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी` दूध प्रमुख संकलन द्वारा इस कार्यक्रम के उद्देश एवं लक्ष्य के बारे में उपस्थित दुग्ध उत्पादकों से साझा कीया गया।



कार्यक्रम के सम्बोधन में जेएमएफ के महाप्रबंधक, पवन मरवाहा ने किसानो की सराहना करते हुए कहा कि जेएमएफ परचम न सिर्फ राज्य में है बल्कि पूरे देश में अपना नाम कर चुका है उन्होंने किसानों की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि जेएमएफ को 500000 एलपीडी तक ले कर जाना है` जेएमएफ ने 01 डेरी प्लांट से शुरूआत करते हुए आज की तारीख में 7 डेरी प्लांट चल रहे है झारखंड सरकार की मदद से 04 और नए डेरी प्लांट आने की संभावना है` साथ ही डेरी प्रॉडक्ट प्लांट की भी स्थापना करने की योजना है। उन्होंने ऐसे अनेक स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसकी ताकत किसान है, उस संस्थान को आगे बढ़ने से किसी भी तरह की रुकावट नहीं होगी` 2020 में झारखंड सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि शुरूआत 01 रू से कीया गया था और इस विगत 4 साल में बढ़ कर 05 रू तक की प्रोत्साहना राशि कर दी गयी` यह सिर्फ किसान की मेहनत को देखते हुए झारखंड सरकार ने अपनी रुचि दिखाई है

इस अवसर पर झारखंड दुग्ध महासंघ से प्रबंध निदेशक, सुधीर कुमार सिंह एवं उप प्रबंध निदेशक जयदेव बिस्वास ने विडियो के जरिये किसानों के काम की सराहना कीया` खाद प्रबंधन प्रोग्राम के अंतर्गत आर्गेनिक खेती से उपजाई गयी तरबूज की भी सराहना कीया` हमेशा की तरह पशुओं के खान-पान, रख- रखाव में ध्यान देते रहें जिससे उच्च गुणवत्ता का दूध उपभोक्ताओं को निरंतर मेधा के द्वारा मिलता रहे` साथ ही दूध की उच्च गुणवत्ता बनाये रखने के लिए मेधा पशु आहार, मेधा मिनरल मिक्सचर तथा हरा चारा सही मात्रा में पशुओं को खिलाते रहे ` जयदेव बिसवास दुग्ध उत्पादकों को बधाई देते हुए कहा की दुग्ध उत्पादक निरंतर अपना दूध मेधा को देते रहे जिससे जे.एम. एफ. निरंतर किसानों के विकास और प्रगति के विषय में कार्य करती रहें साथ मेधा डेयरी संस्था से जुड़े उत्पादकों को धन्यवाद दिया ।

मेधा झारखण्ड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ का ब्रांड है जिसके दवारा झारखंड राज्य के लगभग 40000 सीमांत कीसानों दवारा उत्पादित दूध को वैज्ञानिक रूप से संकलित कीया जाता है एवं दूध का शीतलीकरण कर दैनिक रूप से सुबह और शाम को गांवों में स्थापित दुग्ध संकलन केन्द्रों के माध्यम से खरीदा जाता है

राष्ट्रिय डेरी विकास बोर्ड के प्रबंधन में महासंघ ने आशातीत सफलता प्राप्त की तथा इस अवधि में महासंघ 2.30 लाख लिटर दूध का प्रतिदिन खरीद एवं बिक्री के स्तर को पार कर गया है। आज महासंघ मेधा डेयरी के ब्रांड नाम से पूरे राज्य के साथ साथ निकटवरती राज्यों में दूध एवं दूध उत्पाद का विपणन करती है। महासंघ दूध के अतिरिक्त दही, पेड़ा, पनीर घी, लस्सी, खीर मिक्स इत्यादि लोकप्रिय उत्पादों का उत्पादन एवं विपणन करती है ।

## रांची में सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक

बिभा संवाददाता

**रांची**। झारखंड राज्य के लिए (2024-25) सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजित है। इस सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग रांची कर्नल विकास भोला एवं भर्ती से सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान रांची में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिले के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनायें। ये हमारी प्राथमिकता है। कर्नल विकास भोला ने कहा कि रैली में जो युवा भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा सहित अन्य सभी सुविधाएं रैली स्थल पर मुहैया कराई जायेगी। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा की जायेगी।

रैली स्थल ग्राउंड में सीजीआई शीट होगी। बैरिकेडेड क्षेत्र होगा। रैली का रन एरिया 1.6 किमी का होगा। विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन चाक चौबंद होगा। रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी। भर्ती रैली के दिनों में सुबह चार बजे से टीम उपलब्ध रहेगी। एसडीओ एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने जानकारी दी कि सारी व्यवस्था जिला प्रशासन की तरफ से उपलब्ध करा दी जायेगी।

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सेना में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे शोषण करने वाले दलालों से दूर रहें। उन्होंने उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पारदर्शी से होती है। जो भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अहर्ता पूरी नहीं करता, उसकी भर्ती किसी भी हालत में नहीं हो सकती। इसलिए सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहें। उनके किसी भी झांसे में नहीं आयें।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क दुर्घटना में घायलों को मदद करने वाले दो लोगों को किया गया सम्मानित



**बोकारो(बिभा):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त विजया जाधव की उपस्थिति में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डेन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले दो गुड सेमेरिटन बेरमो प्रखंड निवासी रोहित कुमार व चंद्रपुरा निवासी कन्हैया कुमार को जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा गुड सेमेरिटन योजना शुरू की गई है। इसके तहत गुड सेमेरिटन को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है,जिसने तत्काल सहायता प्रदान करके एक घातक दुर्घटना के शिकार व्यक्ति की जान बचाई है और दुर्घटना के गोल्डन आवर के भीतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए नजदीकी अस्पताल,सीएचसी,ट्रामा सेंटर में भर्ती करावाया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए आम जनता को प्रेरित करना और दूसरों को निर्दोष जीवन बचाने के लिए प्रेरित करना है।

## खनन विभाग ने की छापेमारी, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**बोकारो(बिभा) :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खननझपरिवाहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान गुरुवार को खनन विभाग की टीम ने सेक्टर 12 थाना अतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन परिवहन पर रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने पुलिस लाइन चौक मुख्य सड़क पर बिना खनिज परिवहन के परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए पकड़ा। जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से थाना परिसर में लाया एवं संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू व पुलिस बल मौजूद थे।

## जिला टास्क फोर्स ने सेक्टर 9 के कार वाशिंग गैराज से एक बाल श्रमिको को विमुक्त कराया



**बोकारो(बिभा) :** उपायुक्त बोकारो के निदार्शुनार गठित जिला धावा दल ने आज श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो के सेक्टर 9 के पिंटू कार वाशिंग गैराज से 13 वर्षीय एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया। जिला धावा दल का नेतृत्व श्रम अधीक्षक बोकारो प्रवीण कुमार ने करते हुए कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है इसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। बोकारो जिले में बाल मजदूरी तथा बाल तस्करी को रोकने के लिए अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि बाल शोषण के मामले की जानकारी कोई भी जिला टास्क फोर्स को दे सकता है। उसपर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति बोकारो के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है जिसे बाल गृह चास भेजा जा रहा है। इस दौरान श्रम विभाग से सुबल चंद्र गोप, नीरज सिन्हा, संतोष सिंह, सहयोगिनी के फुलेंद्र रविदास , अनिल कुमार हेंब्रम शामिल थे। सहयोगिनी के जिला समन्वयक फुलेंद्र रविदास ने कहा कि बचपन बचाओ आंदोलन के साथ मिलकर संस्था पूरे जिले में बाल मजदूरी तथा बाल तस्करी को लेकर सघन रूप से कार्य कर रही है । जिले में बाल तस्करी तथा बाल मजदूरी के किसी भी प्रकार के मामले की सूचना टोल फ्री नंबर में या टास्क फोर्स को दिया जा सकता है।

## पत्थर से कूच कर एक व्यक्ति की निर्मम हत्या



**बोकारो(बिभा) :** अहले सुबह बीएस सिटी थाना क्षेत्र अंतगर्त सेक्टर 2 ए के इस्पात विद्यालय के मैदान में सैर सपाटा करने आये लोगो ने एक व्यक्ति की लाश दिखने के बाद पुरे इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात व्यक्ति की पत्थर से कूचकर हत्या की गई है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शव देखने से उसकी उम्र 40 वर्ष के आसपास प्रतीत होता है। घटनास्थल के पास से पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल पत्थर भी जब्त कर फोरेंसिक टीम के सहारे जाँच में जुटी है। साथ ही आसपास लगे सी सी टीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। अब तक मृत व्यक्ति की पहचान नही हो पायी है। पुलिस मिसिंग ट्रैक से मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने बताया कि घटनास्थल देख ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या कही और कर शव को यहाँ लाकर फेक दिया गया है पुलिस हर बिंदुपर गहनता से जाँच में जुटी हुई है। हालांकि अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

# 13 से 15 आयु वर्ग में कोई न कोई तम्बाकू उत्पाद का उपयोग करते हैं : जिला परामर्शी बोकारो

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधीनियम-2003 (कोटपा-2003) की धारा 4 व 6ए, 6बी अंतर्गत नियमित जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा देर रात सेक्टर 4 के सिटी सेन्टर व विभिन्न कोचिंग सेन्टर के पास कोटपा कानून उल्लघंन की स्थिति में छापामारी की गई। जिसमें कोटपा के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु लगभग 86 दुकानों की जांच की गई, जिसमें कुल 17 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करते हुए एवं कोटपा-2003 के विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने की स्थिति में कुल 2170 रुपए की अर्थदण्ड की वसूली की गई। 13 से 15 आयु वर्ग में कोई न कोई तम्बाकू उत्पाद का उपयोग करते हैं जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि जो भी दुकानदार कोचिंगं सेन्टर के 100 गज के दायरे में आ रहे है सभी को सुझाव दिया गया कि अपने दुकानों में तम्बाकू उत्पाद एवं मादक पदार्थ अपने दुकानों में न रखें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 6बी के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। गलोबल यूथ सर्वे 2019 के अनुसार 5.1 प्रतिशत ऐसे बच्चे है जो 13 से 15 आयु वर्ग में कोई न कोई तम्बाकू उत्पाद का उपयोग करते हैं। साथ ही उन्होंने *सभी अभिभावक/शिक्षको से अनुरोध किया कि सप्ताह में कम से कम एक बार बच्चों के बैग की जांच अवश्य करें कि कही कोई तम्बाकू उत्पाद एवं मादक पदार्थ तो नही है। युवाओं का नशा मुक्त करने के लिये यह पहल करना सभी अभिभावक व शिक्षक के लिये बहुत ही जरूरी है।

### कोटपा अधिनियम-2003 की धारा 6बी क्या कहता है धारा-6बी

किसी भी शैक्षणिक संस्थान/कोचिंग सेन्टर के 100 गज के परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 4 थाना के छापामारी दल उपस्थित थे।

## पत्नी की हत्या में गिरिफ्तार पति को मिला आजीवन कारावास

**बोकारो :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय द्वारा हत्यारोपी एक पति को अपनी पत्नी की हत्या का आरोप सिद्ध होने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनील कुमार ने हत्या के आरोपी पतित बाउरी को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मालूम हो कि जारीडीह थाना क्षेत्र के बांधडीह रहिवासी धीरन मंडल ने बताया कि एक जनवरी 2015 को करीब सात बजे संध्या सुचना मिली कि टांड़ मोहनपुर तिवारी टोला के मकान में रहने वाले भाड़ेदार ने अपनी पत्नी की आग लगा कर हत्या कर दी।सूचना पर जब वहां पहुंचे तो देखा कि एक औरत को गंभीर रूप से मार पीट कर आग लगा कर हत्या कर दी गई है। पता चला कि पतित बाउरी ने अपनी पत्नी निक्की देवी को धारदार हथियार से गंभीर रूप से जख्मी कर आग लगा कर हत्या कर दी है।

# सफाई का काम स्थायी प्रकृति का है इसलिए सफाई कर्मचारियो का नियोजन स्थायी हो : शम्भु कुमार

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** भारत सरकार के बोकारो दौरे के दौरान बोकारो निवास में सेल एससी - एसटी इम्प्लाज फेडरेशन, बोकारो यूनिट का प्रतिनिधिमंडल ने शम्भु कुमार अध्यक्ष बोकारो यूनिट सह सदस्य फेडरेशन केन्द्रीय कमिटी, नई दिल्ली के नेतृत्व में एमङ्क वेंकटेसन, अध्यक्ष, राष्ट्रिय सफाई कर्मचारी आयोग नई दिल्ली, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से
बोकारो स्टील प्लांट के सफाई कर्मचारियो की समस्याओ पर वार्ता किया। वार्ता में शम्भु कुमार ने कहा कि सफाई का काम स्थायी प्रकृति का है क्यूंकि सफाई की आवश्यकता नित्य प्रतिदिन होती है । अगर बीएसएल की बात करें तो प्रशासनिक भवन, बोकारो जनरल अस्पताल, नगर प्रशासन विभाग, बोकारो इस्पात सयंत्र के अंदर ईडी बिल्डिंग एवं अन्य विभागो के सैकड़ो कार्यालय में सफाई कर्मचारी रोज कार्य करते हैं, अगर एक दिन भी ये काम न करें तो गंदगी के कारण अन्य कार्य बाधित हो जाएगी। बीएसएल में जीतने भी सफाई कर्मचारी है वह ठेका कर्मचारी हैं एवं बीएसएल में काम करने के बावजूद मूलभूत सुविधाओ से वंचित हैं। वो झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं जिसके कारण गर्मी, बरसात एवं ठंड के मौसम में उन्हे और उनके परिवार को विभिन्न तरह कि बीमारी पकड़ लेती है और बच्चो के स्वास्थ पर बुरा असर पड़ता है इसलिए इन्हे मशिक वेतन के साथ मकान किराया भत्ता अलग से मिलना चाहिए।
फेडरेशन के द्वारा उठाए गए मुद्दो को एमङ्क वेंकटेसन, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रिय सफाई कर्मचारी आयोग नई दिल्ली ने गंभीरता से लेते हुए बोकारो इस्पात प्रबंधन को सफाई कर्मचारियो के लिए जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने एवं चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया है । वार्ता में फेडरेशन के करतार सामंत, महासचिव और राकेश कुमार उपकोषाध्यक्ष मौजूद रहे एवं बोकारो इस्पात प्रबंधन से चितरंजन महापात्रा, कार्यवाहक निदेशक प्रभारी, राजन प्रसाद अधिशासी निदेशक (एच आर एवं प्र), सुरेश रंगीनी अधिशासी निदेशक (वित), डॉङ्क बी बी करुणामय मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बीजीएच, कुन्दन कुमार मुख्य महाप्रबंधक, बी आर सरपते मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा), कुंदन कुमार मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा), मनीष जलोटा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास), हरी मोहन झा मुख्य महाप्रबंधक (एच आर), जॉन तपन कोंगारी महाप्रबंधक (विधि) वर्षा घाणेकर एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बीजीएच, मीना मिश्रा महाप्रबंधक (एजुकेशन), डॉङ्क वर्षा घणेकर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (बीजीएच), शिप्रा हेम्ब्रम लाइजन पदाधिकारी एससी - एसटी कर्मचारी, संतोष कुमार सहायक महाप्रबंधक बीजीएच मौजूद रहे ।

# बोकारो प्रधान जिला जज से अधिवक्ताओं ने की मुलाकात



बिभा संवाददाता

**बोकारोः** बोकारो के प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा आज बोकारो के अधिवक्ताओं से मिलने वकालत खाना गए। उनके साथ बोकारो के प्रभारी जज इंचार्ज अभिनंदन पांडेय, डालसा सचिव अनुज कुमार भी मौजूद थे। अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत फूल माला से किया। पुस्तकालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रधान जिला जज ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की अधिवक्ता ऑफिसर ऑफ दी कोर्ट होते है और उनका मान सम्मान होना चाहिए। बेंच और बार को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए ताकि सभी को सुलभ न्याय मिल सके। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने प्रधान जिला जज से अधिवक्ताओं को हो रहे समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया। गिरि ने जिला जज से रेलवे कोर्ट बोकारो को धनबाद से बोकारो लाने में सहयोग करने की अपील की इस पर जिला जज ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। इस अवसर पर बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी बासुदेव गोस्वामी, महेश चौधरी, सोमनाथ शेखर, प्रेम कुमार, विकास तापड़िया, अतुल कुमार, रूपेश कुमार, कामदेव पाठक, नवीन कुमार, सृष्टि धर सिंह, माया सिंह,संपूर्ण चंद्र लायक, मृत्युंजय मल्लिक, दिनेश शर्मा, सुबोध कुमार, दीपक कुमार समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे। प्रधान जिला जज ने संघ परिसर का अधिवाकावो के साथ भ्रमण भी किया।

# सोलर एनर्जी से लघु या कुटीर उद्योगों के संचालक पर कार्यशाला का आयोजन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** सोलर एनर्जी से लघु एवं कुटीर उद्योगों का संचालन करने से पर्यावरण संरक्षण एवं आर्थिक मदद मिलती है इसे हमें ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने की जरूरत है। यह बातें जैनामोड मारवाड़ी धर्मशाला में चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा सहयोगिनी द्वारा स्विच ऑन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला के दौरान जरीडीह अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि सोलर पावर से सभी प्रकार के उद्योग धंधों को संचालित किया जा सकता है । इससे पारंपरिक ऊर्जा मिलती है जिससे छोटे-छोटे कल कारखानों को संचालित करने से व्यवसाययों को मदद मिल सकती है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में ऊर्जा की पूर्ति के लिए सोलर पावर बहुत ही जरूरी है। व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ घरेलू काम के लिए सोलर एनर्जी हमें लगाना होगा। इसके लिए क्षेत्र के सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्विच ऑन फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर विवेक गुप्ता ने बताया कि सोलर एनर्जी का उपयोग कर हम बिजली के सभी उपकरण संचालित कर सकते हैं तथा लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर सकते हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर व्यवसायिगण इसका लाभ उठा सकते हैं। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था के द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा सोलर एनर्जी को लेकर बोकारो जिलों में जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा है। तथा स्कूलों में सौर संचालित पंप के द्वारा जल सुविधा उपलब्ध करा कर शौचालय की सुविधा छात्र छात्राओं को दी जा रही है। कार्यक्रम को चेंबर के संरक्षक किसको भगत, संजय बरनवाल, पन्नालाल जायसवाल ,कवि शरण बरनवाल , धीरेन गोस्वामी आदि ने संबोधित किया। इस दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार राय, प्रकाश कुमार महतो, विकास गोस्वामी, सुबोध मिश्रा ,माथुर सिंह ,राहुल कुमार नायक, अशोक यादव ,राजू तिवारी, अमित सिंह रंजीत कुमार ,निरंजन विश्वकर्मा ,सक्षम सिंह आदि उपस्थित थे।

# बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने दिल्ली में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कई सांसदों से की मुलाकात

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने दिल्ली में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कई सांसदों से मुलाकात कर सेल कर्मियो का मुद्दा को उठाया ।
बीएकेएस महासचिव दिलीप कुमार ने नगीना लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद श्री चंद्रशेखर आजाद, बिहार पूर्णिया लोकसभा के निर्दलीय सांसद श्री पप्पू यादव जी, धनबाद लोकसभा से भाजपा सांसद श्री ढुलू महतो जी, खगड़िया सांसद श्री राजेश वर्मा, जमुई सांसद श्री अरुण भारती भिलाई दुर्ग के सांसद श्री विजय बघेल जी आदि से मुलाकात कर सेल कर्मियो की समस्याओ को सामने रखा ।
मुलाकात का दौरान माननीय सांसदगणों ने सारी बातों को गौर से सुना तथा अपनी डायरी पर उसको नोट भी किया।
बीएकेएस महासचिव ने संसदगणों के समक्ष सेल कर्मियो का कई मूद्दो को रखा जिसमें कुछ प्रमुख मुद्दे इस प्रकार है पिछले आठ सालों से रुके हुए वेज रीविजन का एमओए जल्द करने, बाकि महारत्ना कंपनियो जैसा अधिकारी कर्मचारी का समान एमजीबी तथा पर्क्स साथ ही बचे हुए एरियर का भुगतान करने , एनजेसीएस मे सिर्फ निर्वाचित नेताओ को ही जगह देने, सेल मे प्रत्येक ग्रेड तथा कलस्टर का अलग अलग पदनाम देने ,गैर वैधानिक लाभो को शुरू करने,सेल की सभी छोटी बड़ी यूनिटों में चुनाव कराने, अधिकारी कर्मचारी की छुट्टियां समान करने, सभी सांसदों से इस बार लोकसभा में सेल कर्मियों से जुड़े मामलों को उठाने का आग्रह किया गया है और साथ ही पूरे देश में और भी महारत्न नवरत्न कंपनियां है, लेकिन सिर्फ सेल कर्मियों का वेज रिवीजन आठ सालों से अधूरा है उसको जल्द पूरा कराने के लिए सभी से अनुरोध किया गया है, ये पूरे देश के कुल सेल में कार्यरत 47 हजार कर्मचारियों का मामला है।

# प्रोत्साहन से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा :अन्नु नारंग

## डिंपल कौर को मिला स्टार रोटेरियन ऑफ द ईयर अवार्ड

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** रोटरी क्लब चास का वार्षिक अवॉर्ड फंक्शन रोटरी भवन चीरा चास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों को उनके साल भर के कार्यों का मूल्यांकन करके पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मनप्रीत कौर ने एक पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि रो. अन्नु नारंग का स्वागत किया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने आगुंतक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की पुरस्कार अथवा सम्मान से व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ती है साथ ही उनका आत्मविश्वास तथा मनोबल बढ़ता है। डॉ सुमन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। डॉ परिंदा सिंह ने आज के दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व जिलापाल महेश केजरीवाल ने रोटरी के उद्देश्य एवं सेवा कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया।
100% उपस्थिति,सक्रिय भागीदारी, बेस्ट फैलोशिप के अलावा विशिष्ट पुरस्कार की श्रेणी में डॉ श्रवण,डिंपल कौर, संजय बैद,डॉ सुमन कुमार, नरेंद्र सिंह, कुमार अमरदीप, बिनोद चोपड़ा, मंजीत सिंह, मुकेश अग्रवाल,माधुरी सिंह,विपिन अग्रवाल को मुख्य अतिथि अन्नु नारंग के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डिंपल कौर को स्टार रोटेरियन ऑफ द ईयर से पुरस्कृत किया गया।
मुख्य अतिथि रोटेरियन अन्नु नारंग ने अपने संबोधन ने कहा कि सदस्यों के महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियां की सराहना होनी चाहिए। अन्नु नारंग ने कहा की मेहनत और समर्पण को सम्मान देने से दूसरे सदस्यों में इसकी भावना बढ़ती है।
ललिता चोपड़ा ने एक स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि को भेंट किया।श्वेता रस्तोगी ने मंच संचालन किया। संजय बैद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में धनबाद से आए पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप नारंग, राजन गंडोत्रा, महेश केजरीवाल, रोटरी जिला 3250 की सचिव अंजू गंडोत्रा, चेंबर अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनोज चौधरी, विनय सिंह, डॉ संजीव, रितु अग्रवाल, डॉ पुष्पा, कल्याणी गुप्ता, कमल तनेजा, धनेश बांका, संजय रस्तोगी शिवानी तनेजा, गौरव रस्तोगी, भवनीत सिंह, डॉ निशांत, उषा कुमार सहित विभिन्न क्लबों से आए सदस्य उपस्थित थे।

# मेडिकल जांच के नाम पर सेल प्रबंधन मनमानी करना बंद करे : बी.डी.प्रसाद

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) के संयुक्त महामंत्री बी.डी.प्रसाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मेडिकल जांच के नाम पर मनमानी ढ़ंग से कुछ ठेका मजदूरों को काम से बाहर निकालकर उनके पेट पर लात मारने की साज़िश बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा चलाया जा रहा है। इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) प्रबंधन के इस मजदूर विरोधी कदम की कड़ी निन्दा करती है। प्रबंधन की इस मजदूर विरोधी कदम के खिलाफ जय झारखंड मजदूर समाज के अलावे कुछ अन्य युनियनो ने 11 जूलाई को एक दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया है। हमारी युनियन इस मजदूर हड़ताल को समर्थन करने का निर्णय लिया है। हड़ताल का समर्थन करने के सम्बन्ध में हमारी युनियन 26 जून को एक पत्र अधिशासी निदेशक (का०एवं प्र०) को दे दिया है जिसकी प्रतिलिपि उप श्रमायुक्त (केन्द्रीय) धनबाद को भी भेज दिया गया है।
बी.डी.प्रसाद ने कहा है कि आज बीस हजार से भी ज्यादा ठेका मजदूर बोकारो स्टील प्लांट में काम कर रहे हैं। ठेका मजदूरों के बिना आज प्रबंधन न तो 1 किलो स्टील उत्पादन कर सकती है और ना ही तो 1 रूपया मुनाफा कमा सकती है। फिर भी प्रबंधन रोज व रोज आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रूप से ठेका मजदूरों का शोषण कर रही है। ठेका मजदूर अब इसे बर्दाशत करने के पक्ष में नहीं है।
बी.डी.प्रसाद ने कहा कि सेल, बोकारो स्टील प्लांट की चमक -दमक ठेका मजदूरों की गाढ़ी कमाई के कारण ही है। फिर भी ठेका मजदूरों की मजदूरी, भत्ता तथा अन्य सुविधाओं के लिए कोई व्यवस्था/सिस्टम आजतक प्रबंधन द्वारा नहीं बनाया गया है।

# हथियार के साथ दो नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरटोली गाँव में बुधवार को पीएलएफआई नक्सली संगठन के दो सक्रीय उग्रवादियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, जब तेतरटोली के किसी व्यक्ति को मारने के ख्याल से गाँव में पहुँचे थे। लेकिन पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उक्त गाँव के सड़क पर डीएसपी क्रिष्टोफर केर-केट्टा ने दल-बल के साथ तेतरटोली के समीप सड़क पर खड़े हो गये। जो एक मोटरसाइकिल पर सवार आते दो लोगों को पकड़ा। जिन पकड़े गये उग्रवादियों के पास से एक देसी कट्टा व कारतूस बरामद किया। डीएसपी क्रिष्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि तपकरा थाना क्षेत्र के क्षेत्र के तेतरटोली गाँव में तीन चार लोग हत्या व लेवी मांगने के लिए भ्रमणशील थे। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछे जाने पर बताया कि वो गिरफ्तार उग्रवादी कुटाम जरिया गाँव के रहनेवाले हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद पीएलएफआई संगठन को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दोनों उग्रवादी किसी की हत्या की नियत से तेतरटोली पहुँचे थे। डीएसपी क्रिष्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तपकरा थाना क्षेत्र के तेतरटोली में पीएलएफआई नक्सली आए हुए हैं। किसी सच्चाई को जानने के लिए छापामारी किया गया तो मोटरसाइकिल में लोग आत दिखाई दिया। लेकिन पुलिस को देख भागने लगे तभी उन्हें घेर कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए लोगों के पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया और उन्हें न्याय हिरासत में ले लिया गया।

## बालू की अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए की गई ग्राम सभा, पांच से अधिक गाँव के सैकड़ो लोग हुए उपस्थित


बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के नगड़ा गाँव में वृहस्पतिवार को ग्राम प्रधान की अगुवाई में बालू की अवैध तस्करी के विरुद्ध ग्राम सभा आयोजित की गई। इस ग्राम सभा की बैठक में नगड़ा गाँव के अलावे मुरुचकेल, बकसपुर लापा, चालंगी , करंजटोली आदि अनेक गाँव के लोग उपस्थित थे। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अपने गांव के और आसपास के सीमा क्षेत्र बालू की अवैध तस्करी व खनन पर ग्राम सभा पूर्णतः रोक लगाएगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बालू की अवैध उत्खनन कर धड़ल्ले से तस्करी किया जा रहा है। लेकिन गांव वालों को बालू की आवश्यकता पड़ती है तो बालू मिल नहीं पता है। इसलिए क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध तस्करी होने से हमारे जनजीवन में काफी असर पड़ने वाला है। अब प्रशासन तो बालू की आवश्यकता पर रोक नहीं लग रही है इसलिए ग्राम सभा है इस पर रोक लगाने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए हम सभी को एकजुट रहना होगा। किसी के बहकावे में नहीं आना होगा। और कड़ी मजबूत निर्णय के साथ निर्भीकता पूर्वक आगे बढ़कर हम सभी बालू की अवैध तस्करी को लेकर रोक लगाने का काम करेंगे। इस बैठक के पश्चात सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के और अंगूठा लगाया।

## पांडू पुलिंग में दो सैलानी डूबे, एक की मिली लाश एक की खोजबिन जारी





बिभा संवाददाता

**खूँटी** । जिले के पर्यटक स्थल पांडूपुडिंग जलप्रपात में डूबने से वृहस्पतिवार को दो लोगों की मौत हो गयी। जब खूँटी के तपकरा थाना अंतर्गत पांडु पुडिंग जलप्रपात में दोपहर में नहाने के क्रम में डूबने से हजारीबाग निवासी सनी कुमार गुप्ता की मौत हो गई। जिसमें 21 वर्षीय राँची के हरमू निवासी आदि प्रजापति बहते पानी की धार में लापता हो गया है। लोगों ने बताया कि राँची के हरमू से 12 लोग बर्थडे पार्टी मनाने के लिए बाइक में सवार होकर पांडु पुडिंग पहुँचे थे। वहीं दोपहर को नदी में नहाने के दौरान दोनों युवक करीब 20 से 25 फीट गहरे पानी में डूब गए। घटना के बाद आनन फानन में बाइक से सनी कुमार गुप्ता को रेफरल अस्पताल तोरपा लाया। जहाँ चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर तपकरा पुलिस स्थानीय पर्यटक मित्रों के साथ मिलकर लापता युवक का खोजबीन में जुड़ गई है। वहीं आदि प्रजापति का देर शाम तक पता नहीं चल पाया था।

## प्रखंड स्तरीय 63वें सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा वृहस्पतिवार को प्रखंड स्तरीय 63वें सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकतम 15 वर्षीय बालक एवं अधिकतम 17 वर्षीय बालक एवं बालिका वर्ग के मैच खेले गए तीनों समूह में कुल 24 विद्यालय के खेल दलों ने भाग लिये। जिसमें अधिकतम 15 वर्ष आयु बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगड़ा ने रोमन कैथोलिक बालक मध्य विद्यालय खूँटी को 3-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अधिकतम 17 वर्षीय बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगड़ा ने जयपाल सिंह उच्च विद्यालय अलौन्दी को 3-9 से पराजित करके विजेता बनी एवं अंदर-17 बालक वर्ग में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूँटी ने घाघरा को तीन- दो से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा , प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष शंकर सिंह मुंडा , प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी खूंटी धीरेंद्र कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार राम, अनीता लकड़ा , आरसी बालक के फादर बेने दित बरला , लोयोला इंटर कॉलेज के फादर विमल मिंज एवं खूंटी जिला के शारीरिक शिक्षा शिक्षक मोहम्मद रियाज आलम, चंद्रदेव सिंह जोलेन- टोपनो, अमृता कुमारी ,नीरज साहू ,सिकंदर पुरान एवं सहायक शिक्षकों अनीता नाग, जेसी नाग, प्रवीण एक्का, घामेश्वर कश्यप ने अपनी अहम भूमिका इस प्रतियोगिता को सफल बनाने निभाई। मंच का संचालन सहायक शिक्षक श्रीमती सोनाली बोदरा ने किया।

## गरीबी के कारण डिप्रेशन में आकर आत्महत्या का प्रयास

### परिवार में हैं पाँच सदस्य पर राशन कार्ड में एक कड़ाही है नाम

### राशन कार्ड में सभी का नाम जुड़वाने के लिए सुमंती देवी की प्रयास पर नहीं जुड़ा

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । गरीबी की मार का दंश झेलते हुए डिप्रेशन में आकर संजय गोप नामक एक व्यक्ति फंदे से झूल गया था। लेकिन ईश्वर की कृपा और पत्नी की प्रयास से संजय गोप मौत के मुँह से जिंदा बच गया। घटना चार दिन पूर्व चूआँ टोली का है। दो बेटियों और एक बेटे के पिताजी संजय गोप गरीबी का दंश झेलते अपने घर में पंखे में रस्सी पर फंदा लगाकर अपनी जान दे बैठने की कोशिश की। संजय गोप ने बताया कि कोरोना काल से दयनीय स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। साव तालाब के पास पान गुमटी है, लेकिन अब दुकान भी नहीं चल पाता है। और घर का खर्च का भी बोझ काफी है। और फिर दिमाग में कुछ आया नहीं और यह कदम उठाना पड़ गया।


संजय गोप की पत्नी सुमन्ती देवी ने बतायी कि घर का कमाने वाला हमारे पति ही है लेकिन उनकी भी तबीयत और हमारी भी तबीयत खराब रहती है। सरकार के द्वारा राशन कार्ड तो दिया गया है लेकिन केवल अकेले मेरा नाम मात्र है। इस राशन कार्ड में ना तो पति का नाम चढ़ा है और नहीं बच्चे बच्चियों का। जिसके कारण 5 किलो अनाज ही मिल पाता है। कई वर्षों से पूरे परिवार का नाम जुड़वाने के लिए काफी दौड़ लगाई लेकिन कहीं पर कोई काम नहीं हुआ। 5 किलो अनाज से कुछ होने जाने को नहीं है। वहीं समाज सेवी विकास मिश्रा ने बताया कि संजय गोप की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसका लाल कार्ड बनाना नित्यांत आवश्यक है। संजय की बूढी माँ ने बताया कि कमाई नहीं रहने से संजय परेशान रहता था और सुबह-सुबह घर में फांसी लगा लिया था। सरकार व प्रशासन को इस पर ध्यान देना आवश्यक है कि कोई भी व्यक्ति गरीबों के कारण आत्महत्या ना करे। ऐसा भ्रष्टाचार ना हो कि राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए दौड़ते रहे और काम ना हो।

## रनिया बानाबीरा की गरीब महिला पैसा नही दे पाने के कारण अस्पताल में बनी बंधक

### विधायक कोचे मुंडा व सीआईडी के प्रयास से मिला छुटकारा

बिभा संवाददाता





**खूँटी** । रनिया थाना क्षेत्र के बाना वीरा नवाटोली निवासी सुनीता कुमारी को झारखंड की राजधानी राँची स्थित जेनेटिक हॉस्पिटल प्रबन्धन ने विगत 23 दिनों से इलाज का फीस नही देने के नाम पर वार्ड में ही बंधक बनाकर रखा था। जिसे स्थानीय विधायक कोचे मुंडा की पहल पर सीआईडी एवं राँची पुलिस ने गुरुवार को मुक्त कराकर पीड़िता के घर पहुँचा दिया। घटना के बारे में पीड़िता के मजदूर पति मंगलू सिंह ने बताया की 28 मई को उनकी पत्नी को प्रशव पीड़ा के बाद रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंचाया गया जिसे चिकित्सको ने सदर अस्पताल खूंटी रेफर करने के बाद उसे पुनः रिम्स रांची के लिए भेज दिया गया।रिम्स पहुंचने के बाद एक दलाल किस्म का ऑटो चालक ने उसे प्राइवेट अस्पताल में बेहतर इलाज की सलाह देकर जेनेटिक हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया।जिसके बाद अस्पताल में उसे ऑपरेशन के नाम पर पहली किस्त के रूप नब्बे हजार जमा कराया। जबकि रहने खाने का कोई अलग से खर्च नही लेने की बात कर भर्ती कराया। इसके बाद सुनीता ने एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद मंगलू सिंह ने अस्पताल प्रबंधन के कहने पर अपने पूरा खेत जमीन बेचकर एवं लोगों से उधर लेकर अलग अलग किस्तों में दो लाख दस हजार जमा किया। इसके बाद जच्चा बच्चा सामान्य होने पर छुटी मांगकर घर लौटने की बात कहा।इस पर उसे और एक लाख साठ हजार और जमा करने के बाद ही छोड़ने की बात कहा गया। मंगलू के अनुसार इसके अलावे इलाज के बाद दवाई में भी 34600रु भी अलग से खर्च किया है।तत्काल बाकी पैसा जमा करने में असमर्थ जताने पर अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें छोड़ने से मना किया।इसके बाद रहने एवं खाने पीने की ब्यवस्था नही होने पर मंगलू ने अपने नवजात बेटी को घर ले आया। इसके बाद उनकी पत्नी को अस्पताल के वार्ड में ही बंधक बनाकर रखा गया।इस दौरान मंगलू अपने नवजात को घर मे बकरी का दूध एवं डिब्बे का दूध के सहारे रखा।बुधवार को मंगलू ने थकहार कर अपने बगल के टोले मरचा निवासी आशीष साहू एवं केशव कुमार को आप बीती सुनाया।इसके बाद दोनों युवकों ने आवश्यक पहल किया।जिसके बाद उसे घर पहुंचाया गया।इस सम्बंध में पीड़िता की ओर से अस्पताल प्रबंधन के विरोध में प्राथमिकी दर्ज किया गया है।इन सारी घटना के बाद दोनों दम्पति ने कहा कि वे अब आर्थिक एवं मानसिक रूप से टूट गए हैं अब आगे परिवार चलाने के लिए कुछ समझ मे नहीं आ रहा है। वे दोनों मजदूरी एवं खेतीबारी कर परिवार चलाते थे।अब तो उनका खेत जमीन भी बिक चुका है।इसके साथ ही, साथ उन्होंने इस परेशानी में साथ देने वालों के प्रति आभार प्रकट किया है।

विधायक के अनुसार, बुधवार को परिजनों द्वारा राँची में पहुँचकर भेंट करने की बात कहा था। लेकिन वे शाम तक नहीं पहुँच सके और न ही दुबारा सम्पर्क किया। गुरुवार को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबन्ध से इस पर बात चीत किया।

## रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक चार जुलाई को

**रांची**। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसमें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया है। बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, आतंकवाद, नक्सल, सीमावर्ती समस्याएं, पानी, मत्स्य, शिक्षा, मिड डे मील, वाटर हार्वेस्टिंग और हरित क्रांति आदि मुद्दों पर एक राज्य दूसरे राज्य को किस तरह से सहयोग करेंगे, इस पर चर्चा होगी। बैठक में यदि किसी राज्य को दूसरे राज्य से किसी तरह की मतभिन्नता होगी तो उसका निराकरण करने की कोशिश की जायेगी। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रांची में हो रही है, इसलिए यहां के संबंधित विभागों के सचिव और इनसे उच्च स्तर के अधिकारी बैठक में आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर के भीड़-भाड़ इलाके में दो विभिन्न स्थानों में टूटा पेड़ की डाली



**खूँटी(बिभा)**। शहर के बीच भीड़-भाड़ इलाके के सड़क किनारे का पेड़ की डाली खतरे का सबक का उदाहरण बनता जा रहा है। बृहस्पतिवार को मुख्य पथ के किनारे के दो पेड़ों की डाली टूट कर गिरा हालांकि गनीमत था कि जब पेड़ों की डायरी टूटी तो उसे समय कोई भी व्यक्ति उसके नीचे नहीं था और बड़ी दुर्घटना घटने से बच गई। बृहस्पतिवार दोपहर के लगभग बिना हवा पानी के ही हरि मंदिर के सामने का जामुन पेड़ की डाली टूट कर गिर पड़ा। वहीं दूसरा मामला हवा पानी के बीच थाना के समीप अस्थाई बस पड़ाव भीड़भाड़ इलाके में पीपल पेड़ की डाली टूटकर गिर गई।

### बिजली के करेंट से किसान के बैल की हुई मौत



**रनिया(बिभा)**। प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर बिजली विभाग लापरवाही के कारण किसान का बैल की मौत करंट की चपेट में आकर हो गया। घटना बांगुरकुल्लम गाँव की है। जहाँ गुरुवार को किसान खिरोज सिंह का बैल घास करने के दौरान विद्युत पोल में धारा प्रवाह तार की चपेट में आ गया। किसान के मवेशी के मरने से लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। किसान मवेशी से खेत जुताई का कार्य करता है।

### जयराम हेंब्रम के निधन पर शोक समताप्त परिजन से मुलाकात करने विधायक पहुँचे



**खूँटी(बिभा)** । जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत लिमड़ा पंचायत के चिद्दि गाँव पहुँच तोरपा विधायक कोचे मुण्डा ने मृतक जयराम हेमरोम के घर पहुँच परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। जयराम हेमरोम कुछ दिन पूर्व पेड़ से गिरने पर गम्भीर रूप से घायल होने के कारण मृत्यु हो गई थी। गाँव पहुँचकर परिजनों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा दुःख प्रकट किया। वहीं परिजनों को आर्थिक मदद भी किए। उन्होंने परिजनों से बात करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर आगे भी हर संभव मदद किया जाएगा। इसपर संकोच नहीं करना है। मौके पर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह , विनय गुप्ता, सीमा देवी, बिनोद सिंह, जेपी सिंह , सुरेंद्र गोप, शंकर दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता ने दी।

### कंधे पर चोट लगा हल्दीगढ़ा तालाब का पानी के किनारे मिला युवक का शव

**खूँटी(बिभा)** । जिले के कर्रा थाना अंतर्गत हाकाजांग गांव में बुधवार को सुरेश महली नामक 34 वर्षीय युवक हल्दीगढ़ा तालाब के किनारे बरामद किया गया। वहीं परिजनों के अनुसार मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में दिए गए बयान के आधार पर बताया गया कि सुरेश महली की मृत्यु पानी में डूबने से हुई होगी। वहीं अमृत पड़े सुरेश के कंधे में चोट के निशान पाए गए हैं । जिसकी जानकारी मिलते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचे और देखा कि सुरेश महली की मौत हो चुकी है। वही करा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर यूडी केस दर्ज करके बृहस्पतिवार को अन्त्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### 10 किसानों को 120 किलो बादाम बीज किया गया किसानों को उपलब्ध



**तोरपा(बिभा)** । प्रखंड कार्यालय के नजदीक कृषि विभाग की ओर से उपलब्ध कराया गया बादाम बीज का वितरण प्रखण्ड प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कर बीटीएम अंजना सुरीन के द्वारा 10 किसानों के बीच 120 किलो किया गया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि कृषि विभाग की ओर से मिलने वाले बीच वितरण प्रगतिशील किसानों के बीच होने से किसानों का पैदावार में बढ़ोतरी होगी और किसान की आय दुगुनी होगी। उप प्रमुख ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा किसान लैम्प को कृषि विभाग की ओर से मिलने वाले बीच का लाभ लेकर आए में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### विस्फोटक बनाने के समान के साथ गिरफ्तार अंजू देवी को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट ने विस्फोटक बनाने के सामान के साथ गिरफ्तार प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी के सदस्य अखिलेश यादव की पत्नी अंजू देवी को जमानत दे दी है।अंजू देवी की क्रिमिनल अपील पर गुरुवार को हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में सुनवाई हुई। अंजू देवी की ओर से अधिवक्ता तनु कुमारी और रमेश कुमार ने बहस की। अंजू देवी के खिलाफ पलामू जिले के हुसैनबाद थाना में कांड संख्या 25/2024 दर्ज की गयी थी, जिसमें अखिलेश यादव समेत अन्य लोगों को विस्फोटक अधिनियम समेत अन्य गंभीर धाराओं के तहत आरोपित बनाया गया था।

# आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें ?



प्रभुनाथ शुक्ल

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए।

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं बरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा



बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजई हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद की जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुईं। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और ब्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया। क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशलमीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है। जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है।

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायि था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई बरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश की मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए। जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता। शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिए। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए। क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता - विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का इजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मयार्दा के खिलाफ है।

(बरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक )

## संपादकीय

# नारों के निहितार्थ

लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मयार्दा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है। लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने-अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद ह्यश्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबादह्न के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया। इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने-अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असद्दीन ओवैसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षतः लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे। इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवैसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके। वस्तुतः ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं। इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है, वह इस देश में सांप्रदायिक सद्भाव के स्वप्न को कभी पूरा नहीं होने देगी।



## चिंतन-मनन

# आशा निराशा

एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा।

बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ... ।

मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक -एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो नीलम था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था । प्रकृति और प्रारब्ध ऐसे ही न जाने कितने नीलम हमारी झोली में डालता रहता है जिन्हें पत्थर समझ हम ठुकरा देते हैं।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।

लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मयार्दाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। **- ललित गर्ग**

# द. अफ्रीकाः भारतवंशियों ने चुनाव में गाड़े.झंडे.



डॉ. आर.के. सिन्हा




भारत में लोक सभा चुनाव के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है कि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है कि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गइ्र। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) की सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते हैं। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा खेडम पार्टी के नेता नरेन्द्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुंचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अखेका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरु वल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अखेका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अखेकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अखेकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नये कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत बड़ा स्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। भारत की चोटी की कंपनियों टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अखेका में तगड़ा निवेश है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैंगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी रु चि जताई है। अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग और कोल्ड चेन, पर्यटन एवं होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अखेकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।

अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अखेका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। दिल्ली में अखेका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नाम पर भी सड़क हैं। क्वामें नकरूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधानमंत्रित्व काल की सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ्रीकी देशों से संबंध और मजबूत और स्थायी करेगी।



# कॉफी पीने से 30 प्रतिशत घटती है मौत की आशंका

**हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार कॉफी पीने से मौत का खतरा 30 प्रतिशत कम हो जाता है। इसके साथ ही कॉफी पीने से तीव्र गुर्दे की चोट में भी फायदा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, किडनी इंटरनेशनल रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित निष्कर्ष बताते हैं कि जो लोग हर दिन किसी भी मात्रा में कॉफी पीते थे, उनमें एकेआई का 15 प्रतिशत कम जोखिम था, जो कि पीने वाले समूह में सबसे बड़ी कमी देखी गई थी।**

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कॉफी पीने से मृत्यु की आशंका घटती है। एनल्स ऑफ इंटर्नल मेडिसिन में प्रकाशित रिसर्च का निष्कर्ष है कि जिन लोगों ने एक चम्मच शुगर के साथ डेढ़ से लेकर साढ़े तीन कप कॉफी प्रतिदिन पी थी, उन लोगों के कॉफी ना पीने वालों की तुलना में मरने का खतरा 30 प्रतिशत कम रहा। शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन में बड़े मेडिकल डेटा बेस यूके बायोबैंक से कॉफी पीने के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। उन्होंने सात वर्ष तक 37 से 73 वर्ष की आयु के बीच एक लाख 70 हजार लोगों की जीवनशैली, खानपान से सम्बन्धित जानकारी पर नजर डाली है।

शोध के अनुसार कैफीन युक्त और बिना कैफीन की कॉफी पीने वालों में मौत का खतरा कम पाया गया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.क्रिस्टीना वी कहती हैं, ऐसी बहुत कम चीजें हैं जो मौत का खतरा 30 प्रतिशत घटाती हैं। पहले भी कई शोधों में कॉफी पीने से स्वास्थ्य को कई फायदों के संकेत मिले हैं। हम पहले से ही जानते हैं कि नियमित रूप से कॉफी पीने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और यकृत रोग सहित पुरानी और अपक्षयी बीमारियों की रोकथाम के साथ जुड़ा हुआ है। कॉफी पीने से मृत्यु कम होने के साथ बुढ़ापे की बीमारी पार्किंसंस, दिल की बीमारियों, टाइप-2 डायबिटीज, लिवर प्रोस्टेट कैंसर सहित कई बीमारियों की आशंका घटती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट अधिक होने से शरीर की कोशिकाओं का नुकसान रुकता या कम होता है।



# दिमाग से लेकर इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी होता है विटामिन डी

**विटामिन डी एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। जो हमारे दिमाग से लेकर इम्यून सिस्टम के लिए जरूरी होता है। इसकी कमी होने से शरीर का कामकाज बिगड़ जाता है। धूप को इसका सबसे बढ़िया सोर्स माना जाता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह रास्ता काम नहीं करता है। जिसकी वजह से इस विटामिन की कमी होने लगती है।**

## विटामिन डी की कमी से होने वाले रोग?

यह विटामिन हड्डी, नाखून, दांत के लिए काफी जरूरी होता है। इसके कम होने पर हड्डी में दर्द, जोड़ हटना, मसल्स में दर्द, बार-बार बीमार पड़ना, ऑस्टियोपोरोसिस कैल्शियम की कमी, डिप्रेशन के लक्षण आदि परेशान कर सकते हैं। इसलिए इसे बॉडी में कभी कम ना होने दें।

## धूप में क्यों नहीं रहते लोग?

धूप को विटामिन-डी का बेस्ट सोर्स माना जाता है। लेकिन कुछ जगह धूप बहुत कम आती है या फिर कुछ लोगों की स्किन इसे ढंग से ग्रहण नहीं कर पाती है। वहीं, सेंसिटिव स्किन के लोग भी धूप से दूर रहते हैं। ऐसे में इन लोगों के लिए विटामिन डी लेने का अकेला रास्ता फल, सब्जियां, जूस, सप्लीमेंट खाना बच जाता है।

## विटामिन डी की कमी का इलाज मशरूम

शाकाहारी लोगों में मशरूम से विटामिन डी की कमी खत्म की जा सकती है। एक स्टडी के अनुसार



इंसानों की तरह मशरूम भी धूप से विटामिन डी बनाता है। जिसे खाकर फायदा उठाया जा सकता है।

## दूध, पनीर, दही

दूध और उससे बने पनीर, दही आदि में कैल्शियम होता है। इसके साथ आपको काफी विटामिन डी मिलता है। ये दोनों पोषक तत्व हड्डियों, दांत और नाखून को मजबूत बनाने के काम आते हैं। आप पनीर की भुर्जी बनाकर भी खा सकते हैं।

## विटामिन डी बढ़ाएं - अंडा

प्रोटीन से भरा अंडा विटामिन डी भी देता है। इसके पीले हिस्से में फैटी एसिड, फैट और विटामिन डी होता है। आप इसे खाकर विटामिन डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

## विटामिन डी फल फोर्टिफाइड फूड

कुछ खाद्य पदार्थों में विटामिन डी अलग से डाला जाता है। आप मार्केट से संतरे का जूस, सीरियल, ओटमील, दूध आदि खरीद सकते हैं, जिसमें आर्टिफिशियल विटामिन डी डला हुआ हो।



# हार्मोनल इंबैलेंस से जुड़ी दिक्कतें दूर करता है कपालभाति

**ब्रीदिंग एक्सरसाइज को योग का खजाना कहा जाता है। इसे करने से न सिर्फ हार्मोनल इंबैलेंस बल्कि पाचन से जुड़ी कई दिक्कतें भी दूर हो सकती हैं। ऐसी ही एक एक्सरसाइज का नाम है कपालभाति। आइए जानते हैं कपालभाति प्राणायाम करने से शरीर को मिलते हैं कौन से फायदे।**

## डाइजेस्टिव सिस्टम को बनाएं मजबूत

कपालभाति डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाकर गैस, एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्याओं में भी राहत देता है।

## दिल के लिए अच्छा

कपालभाति प्राणायाम फेफड़ों, स्प्लीन, लीवर, पैनक्रियाज के साथ-साथ दिल के कार्य में सुधार करता है। यह न केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है बल्कि धमनी के अवरोध को दूर करने में भी मददगार है।

## नर्वस सिस्टम

यह नवर्स सिस्टम यानि तंत्रिका तंत्र के लिए भी बहुत अच्छा प्राणायाम माना जाता है। इसे करते समय होने वाली पंपिंग से ब्रेन के सेल्स में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ जाता है। कई महिलाओं को कपालभाति करते समय बीच में उबासी आती है। उबासी आने का मतलब यह है कि ब्रेन के सेल्स बहुत थके हुए हैं और जब ऑक्सीजन जाता है तब वह रिलैक्स हो जाते हैं।

## हार्मोंस बैलेंस

यह रिप्रोडक्टिव सिस्टम के लिए भी बहुत अच्छा होता है। इसके नियमित अभ्यास करने से ब्लड की सप्लाई यूट्रस, फैलोपियन ट्यूब और ओवरीज में बढ़ती है, जहां पर साफ-सफाई का काम हो जाता है। जैसे कि पीसीओडी होने पर सिस्ट बन जाते हैं। यह सिस्ट हार्मोनल इंबैलेंस के कारण बनते हैं। लेकिन जब कपालभाति प्राणायाम किया जाता है तब इससे हार्मोंस बैलेंस होते हैं।

## ग्लोइंग त्वचा

कपालभाति शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करता है। जिससे आपकी त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार होता है और त्वचा ग्लोइंग बनती है।





**धरती पर विभिन्न तरह के फल पाए जाते हैं और हर फल के अपने अलग-अलग फायदे हैं। फलों में विभिन्न तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं। फलों के नियमित से विभिन्न बीमारियों से बचने में मदद मिलती है। ऐसा ही एक जबरदस्त फल है अनार, जिससे सेहत को अनगिनत फायदे मिलते हैं। हार्वर्ड मेडिकल एक्सपर्ट्स इस बात पर चिंता जाहिर करते हैं कि अमेरिका में बहुत से लोगों को अनार के बारे में नहीं पता है और न ही खाया है।**

# कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर का पक्का इलाज है अनार

क्लीवलैंड क्लिनिक की डाइटीशियन जूलिया जम्पानो ने बताया है कि अनार में न सिर्फ कम कैलोरी होती है बल्कि विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर यह फल कई रोगों का इलाज कर सकता है। एक अध्ययन में हार्वर्ड के डॉक्टरों ने भी माना है कि अनार एक एक शक्तिशाली फल है, जिसे खाने और इसका रस पीने से हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, कैंसर और दिल से जुड़े रोगों से बचने में मदद मिल सकती है। चलिए जानते हैं कि रोजाना अनार खाने से आपको क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## एंटीऑक्सिडेंट और कैंसर से लड़ने वाले गुण

जम्पानो कहती हैं कि अनार में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो कोशिकाओं को विषाक्त पदार्थों से बचाने में मदद करते हैं और डीएनए को डैमेज होने से बचाते हैं, जिससे कैंसर हो सकता है।

## गंदे कोलेस्ट्रॉल को करता है बाहर

हार्वर्ड की रिपोर्ट बताती है कि अध्ययनों से पता चलता है कि अनार का रस हानिकारक एलडीएल यानी गंदे कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है।

## पाचन को बनाता है मजबूत

अनार की फाइबर सामग्री पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करती है। आपको इसका रस पीने के बजाय पूरा फल खाना चाहिए। आधा कप अनार के दानों में 72 कैलोरी, 35 ग्राम फाइबर और 12 ग्राम शुगर होती है।

## प्रोस्टेट को रखता है दुरुस्त

अनार के रस को प्रोस्टेट कैंसर वाले पुरुषों में प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन लेवल को स्थिर करने के लिए जाना जाता है। कुछ शोधों में पाया गया है कि अनार के रस में मौजूद घटक कैंसर कोशिकाओं के प्रसार को बढ़ावा देने वाले रासायनिक तत्वों को कमजोर करके उनकी गति को रोकने में मदद कर सकते हैं।

## दिल को स्वस्थ रखने में मददगार

अनार के लाल दानों में मौजूद एलाजिक एसिड और एंथोसायनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम कर सकते हैं । इतना है नहीं यह धमनी की दीवारों पर जमा फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य गंदे पदार्थों को हटा सकते हैं, जो रक्त वाहिकाओं को बंद करते हैं। एक दिन में एक कप अनार का रस पीने से दिल को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।



# घातक रोग का लक्षण हो सकता है हाथ पैर की झनझनाहट

**पहले लोगों को तंबाकू के सेवन से कैंसर होता था लेकिन अब तंबाकू के अधिक सेवन से एक दुर्लभ बीमारी की पहचान हो गई है। इस बीमारी का नाम है बुर्जर रोग। बुर्जर की बीमारी को थ्रोम्बोआंगाइटिस ओब्लिटरन्स भी कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें हाथों और पैरों की रक्त वाहिकाएं सूज जाती हैं और बाद में यह ब्लॉक हो जाती हैं।**

नसों के ब्लॉक होने से हाथ-पैर की उंगलियों तक खून की सप्लाई रुक जाती है। ऐसा होने से आपके हाथ-पैरों में झनझनाहट या सुन्नता महसूस हो सकती है। आपको उंगलियों में पीलापन नजर आ सकता है। यह ऐसी खतरनाक बीमारी है जिसमें उंगलियां काम करना बंद कर देती हैं और किसी काम की नहीं रहती हैं। ऐसा माना जाता है कि यह बीमारी उन लोगों को ज्यादा होती है, जो स्मोकिंग करते हैं। जिन रोगियों को यह बुर्जर की बीमारी है, वे स्मोकिंग करने वाले हैं या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। इससे बचने का सबसे आसान तरीका स्मोकिंग की लत से छुटकारा पाना है। इसके अलावा कुछ रक्त वाहिकाओं और खून को पतला करने वाली दवाओं का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गंभीर मामलों में हाथ-पैर की उंगलियां काटने की जरूरत हो सकती है। चलिए जानते हैं कि इस बीमारी के क्या कारण और लक्षण हैं और इसका किसको ज्यादा खतरा है।

## क्या है बुर्जर की बीमारी


क्लीवलैंड क्लिनिक के अनुसार, जिन रोगियों को यह बुर्जर की बीमारी है, वे स्मोकिंग करने वाले हैं या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। इससे बचने का सबसे आसान तरीका स्मोकिंग की लत से छुटकारा पाना है। इसके अलावा कुछ रक्त वाहिकाओं और खून को पतला करने वाली दवाओं का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गंभीर मामलों में हाथ-पैर की उंगलियां काटने की जरूरत हो सकती है। चलिए जानते हैं कि इस बीमारी के क्या कारण और लक्षण हैं और इसका किसको ज्यादा खतरा है।

## बुर्जर की बीमारी के कारण

ऐसा माना जाता है कि स्मोकिंग करने वालों में बुर्जर रोग विकसित होने का सबसे अधिक खतरा होता है। यह रोग भांग और तंबाकू का सेवन करने वालों में पाया गया है। यह एक दुर्लभ विकार है जो उन देशों में कम देखा गया है, जिन देशों में तंबाकू का कम सेवन किया जाता है।

## बुर्जर की बीमारी के संकेत और लक्षण

- चलने से आपके निचले पैरों या पैरों में दर्द या जलन होना
- आपके हाथों या कलाइयों में दर्द या झनझनाहट
- रक्त में थक्के
- हाथ-पैर की उंगलियों पर अल्सर
- हाथ-पैर की उंगलियों पर त्वचा के रंग में पीला, लाल और कभी-कभी नीला पड़ जाना



## पैसा कमाने के चक्कर में साइबर ठगी में फंसी ईशा... पाकिस्तान तक तार

पटना । लड़की हूं तब क्या हुआ? रोटी बनाने से लेकर रोटी कमाने तक की हिम्मत रखती हूं। पूर्वी चंपारण निवासी 23 साल की ईशा जायसवाल ने 1 दिसंबर 2023 को डायलॉग के साथ रील बनाई। शादीशुदा ईशा ने जब डेढ़ साल पहले ससुराल छोड़ा, तब रोटी कमाने की चिंता होने लगी। लेकिन, इसके लिए ईशा ने गलत रास्ता चुन लिया। इंस्टाग्राम पर रोटी कमाने की फिक्र में ही करीब सालभर पहले वह 24 साल के नेस्ताक आलम के संपर्क में आई। नेस्ताक 4 साल से साइबर ठगी की दुनिया में सक्रिय था। आलम ने पहले ईशा को गर्लफ्रेंड बनाया, फिर अपने काले कारनामों का राजदार भी बना लिया। आलम को ईशा को साथ लाने में कई फायदे दिख रहे थे। ईशा भी पैसों की लालच में नेस्ताक का साथ देने को तैयार हो गई। लेकिन, अब कटिहार पुलिस ने दोनों को पटना से अरेस्ट किया है। साथ ही इनके साइबर ठगी गैंग के पाकिस्तान तक के कनेक्शन का खुलासा हुआ है।

## 1 जुलाई को काला दिवस मनाएगी पश्चिम बंगाल की बार काउंसिल

कोलकाता । देश में 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए अपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इसके विरोध में पश्चिम बंगाल बार काउंसिल द्वारा 1 जुलाई को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। बार काउंसिल ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया है। 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू होने जा रही है। भारतीय नागरिक न्याय सहायता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर देश में एक नया विवाद शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल बार काउंसिल द्वारा 1 जुलाई को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। बार काउंसिल आफ इंडिया द्वारा सभी बार एसोसिएशन से नए आपराधिक कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से दूर रहने की अपील की है। बार काउंसिल आफ इंडिया ने सभी वकीलों को भरोसा दिलाया है। वह नए कानून के बारे में उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता के साथ विचार कर रहा है। अत : देश भर के वकील विरोध प्रदर्शन से दूर रहें।

## नेपाल में लैंडस्लाइड और बिजली गिरने से 14 की मौत, कई घायल

### –अब तक पिछले 17 दिनों में 28 लोगों की मौत हो चुकी है

नई दिल्ली। भारत के पड़ोसी मुल्क नेपाल में इस समय बारिश ने तबाही मच रखी है। नेपाल के कई इलाकों में भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बिजली गिरने से करीब 14 लोगों की मौत हो गई है। आठ लोग लैंडस्लाइड में मारे गए हैं, जबकि पांच की मौत बिजली गिरने से हुई है। वहीं, एक की बाढ़ के कारण मौत हो गई है। अलग–अलग घटनाओं में दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अब तक कुल 44 घटनाएं दर्ज की गई हैं1 लैंडस्लाइड की घटना में दो लोग अभी भी लापता हैं, जबकि 10 लोग घायल हैं। रिपोर्ट में नेपाल के गृह मंत्रालय के रिकॉर्ड के मुताबिक कहा गया है कि मानसून के सक्रिय होने के बाद से अब तक पिछले 17 दिनों में 28 लोगों की मौत हो चुकी है। मानसून से 33 जिले प्रभावित हुए हैं। इन 17 दिनों में 147 घटनाएं सामने आई हैं। पिछले दिनों में बिजली गिरने की घटनाओं में करीब 13 लोगों की मौत हुई है जबकि लैंडस्लाइड से 14 लोगों जान गवां चुके है। बता दें कि इस साल नेपाल में मानसून समय पर पहुंचा है और देश में भारी बारिश के कारण मौतों का सिलसिला जारी है। हर साल नेपाल में बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित होते हैं, जबकि लैंडस्लाइड और संपत्ति की तबाही के कारण सैकड़ों लोग विस्थापित भी हो जाते हैं।

## पापा के डांटने पर किशोर ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को मारी गोली

### – मेरठ के बड़े व्यापारी का है बेटा, सुसाइट नोट भी मिला


मेरठ। यूपी के मेरठ में एक 14 साल के किशोर ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता व्यापारी हैं और इस समय कारोबार के लिए कनाडा गए हुए हैं। आत्महत्या करने से पहले किशोर ने सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने लिखा– पापा ने मुझे मोबाइल चलाने पर डांटा है। पापा आप मुझे मोबाइल नहीं दिलाते। मम्मी का मोबाइल यूज करने को कहते हूं और बुलेट नहीं दिलाते। पुरानी बाइक मॉडिफाई नहीं कराते हो। परिवार के लोग मुझे प्यार नहीं करते हैं। इसलिए मैं जा रहा हूं... । घटना बहसूमा थाना क्षेत्र के रामराज गांव की है। व्यापारी नितिन चौधरी का बड़ा बेटा 10वीं में पढ़ता है। कक्षा 9 में कम नंबर आए थे। मंगलवार को पिता ने फोन कर अंगद को पढ़ाई करने के लिए डांटा था। इससे नाराज होकर उसने ये कदम उठाया। एसपी देहात ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। किशोर की बॉडी बेड पर पड़ी थी। चारों ओर किताबें बिखरी हुई थीं। किशोर के हाथ में रिवाल्वर थी। उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने पिता के प्यार न करने, मोबाइल चलाने पर डांटने और बाइक न देने की बातें लिखी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## जहरीली शराब से मरने वालों के परिजनों को नौकरी मिलना चाहिए : एससी आयोग

कल्लाकुरिची। तमिलनाडु में कल्लाकुरिची जहरीली शराब का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में अब तक 63 लोगों को मौत हो चुकी है और 88 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब एससी आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए नौकरी, घर और शिक्षा भत्ते की मांग करते हुए कहा, सभी मृतक बहुत गरीब थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवारों को नौकरी, घर और उनके बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता दिया जाना चाहिए। आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग करता है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अवैध शराब के कारण पिछले साल हुई मौतों के आंकड़ों का हवाला देते हुए मकवाना ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा, क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण और बिक्री लंबे समय से चल रही थी। लेकिन प्रशासन और सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, पिछले साल राज्य में इसी तरह की त्रासदी में 23 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकांश मृतक एससी/एसटी समुदाय के हैं। किशोर मकवाना ने राज्य में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए तमिलनाडु सरकार की आलोचना की। किशोर मकवाना ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की जिनका इलाज चल रहा है।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद बरामद

इंफाल। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और विष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक, विभिन्न प्रकार के बम और गोला–बारूद के अलावा चार वॉकी–टॉकी और दो रेडियो मिले। राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि ये बरामदगी ''पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान'' के दौरान की गई। इम्फाल पूर्वी जिला घाटी क्षेत्र में है जबकि विष्णुपुर जिले का कुछ हिस्सा पहाड़ी क्षेत्र में है। पुलिस ने बताया कि विष्णुपुर जिले में हाई कैनाल के पास केइनौ



मैनिंग में तलाशी अभियान के दौरान एक 'एसएमजी कार्बाइन', नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ ग्रेनेड, दो 'स्मोक बम' और विभिन्न प्रकार के गोला–बारूद बरामद हुए। इम्फाल पूर्वी जिले के सनसाबी नतुम चिंग की पहाड़ी पर एक अन्य अभियान के दौरान पांच .303 राइफल, 12 बोर की दो बंदूकों सहित अन्य सामान बरामद किए गए। इस बीच असम राइफल्स ने कहा कि बुधवार को जिरीबाम जिले में उपद्रवियों ने एक खाली पड़े घर को आग लगाने का प्रयास किया इसके बाद अर्धसैनिक बल ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

# लोकसभा स्पीकर आपातकाल का जिक्र टाल सकते थे यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक है

### – राहुल गांधी व गठबंधन के नेताओं ने की ओम बिरला से मुलाकात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा आपातकाल का उल्लेख किये जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। राहुल गांधी ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक है और इसे टाला जा सकता था। कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने संसद में बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राहुल गांधी ने सदन में स्पीकर द्वारा आपातकाल लागू किये जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया और इसके बाद उन्होंने अन्य गठबंधन सहयोगी नेताओं के साथ स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की।

क्या राहुल गांधी ने सदन में उठाए जा रहे आपातकाल के मुद्दे पर चर्चा के सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि हमने संसद के कामकाज के बारे में चर्चा की है। बेशक, यह मुद्दा भी उठा। कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी ने इस मुद्दे के बारे में अध्यक्ष बिरला को जानकारी दी और कहा कि इसे अध्यक्ष के संदर्भ से टाला जा सकता था। यह स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक संदर्भ है। लोकसभा स्पीकर बनने के तुरंत बाद बिरला ने बुधवार को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला बताते हुए आपातकाल लगाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़कर खलबली मचा दी थी, जिसके बाद सदन में कांग्रेस सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया था।

स्पीकर बिरला ने कहा कि 26 जून 1975 को देश को आपातकाल की क्रूर वास्तविकताओं का एहसास हुआ, जब कांग्रेस सरकार ने विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया था, मीडिया पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता का पदभार संभालने के बाद यह राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष से पहली मुलाकात थी। उनके साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, द्रमुक की कनिमोझी, शिवसेना (सपा) की सुप्रिया सुले और टीएमसी के कल्याण बनर्जी के अलावा कुछ अन्य नेता भी मौजूद थे।

## आने वाला समय हरित युग, सरकार इसके लिए हर जरूरी कदम उठा रही : राष्ट्रपति मुर्मु



नई दिल्ली। आने वाले समय को हरित युग बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संसद में अपने अभिभाषण में कहा कि इसके लिए उनकी सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''आने वाला समय हरित युग का है। मेरी सरकार इसके लिए हर ज़रूरी कदम उठा रही है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, ''हरित ऊर्जा हो या फिर हरित मोबिलिटी, हम हर मोर्चे पर बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपने शहरों को रहने के लिहाज से बेहतरीन स्थान बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है और प्रदूषण से मुक्त, साफ–सुथरे और सुविधायुक्त शहरों में रहना देश के नागरिकों का हक है।'' मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 साल में, विशेष रूप से छोटे शहरों और कस्बों में अभूतपूर्व निवेश किया गया है।

## भाजपा की हरियाणा सरकार ने गरीबों व सैनिकों को ठगा : सैलजा




**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बड़े-बड़े दावे और वायदे कर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार ने गरीबों व सैनिकों के साथ बड़ी ठगी की है। इनके सिर पर छत देने का वायदा करने वाले रुपये लेने के बावजूद उन्हें आज तक फ्लैट नहीं दे सके हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2014 में डिफेंस, आर्थिक रूप से कमजोर व गरीबों के लिए फ्लैट स्कीम लांच की थी। इसमें डिफेंस की 11 स्कीम और बीपीएल व ईडब्ल्यूएस की 07 स्कीम शामिल थी। अपने घर की आस में लोगों ने इन स्कीमों में बढ़चढक़र हिस्सा भी लिया, लेकिन आज तक किसी को भी फ्लैट नहीं मिल पाया। कुमारी सैलजा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने लोगों से 200 करोड़ से अधिक रुपये एकत्रित कर इनका प्रयोग फ्लैट बनाने की बजाए किन्हीं अन्य कार्यों में किया। लोगों ने रुपये मांगने शुरू किए तब हरियाणा सरकार ने हाउसिंग बोर्ड की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देना शुरू कर दिया। आज तक लोगों के जमा रुपये ब्याज सहित लौटाने पर कोई कदम नहीं उठाया गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए हिसार व करनाल में तथा बीपीएल परिवारों के लिए धारूहेड़ा, सोनीपत, पानीपत व फरीदाबाद में फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इन सभी 07 स्कीमों को रद्द किया गया। इसके विपरीत मोदी सरकार का दावा था कि 2022 तक देश के हर व्यक्ति को घर मुहैया जाएगा, लेकिन हरियाणा में रुपये लेने के बावजूद गरीबों को छत नसीब नहीं हो पाई है।

लोकसभा सांसद ने कहा कि डिफेंस के जेसीओ रैंक तक के सैनिकों व अर्धसैनिक बल के जवानों के लिए झज्जर, गुडग़ांव, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, पिंजौर, रेवाड़ी, रोहतक, पलवल, सांपला आदि जगहों पर फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इनमें से कहीं पर भी कोई ईंट तक नहीं लगी। झज्जर सेक्टर-6 और फरीदाबाद सेक्टर-56 में जरूर कुछ फ्लैट बने हैं, लेकिन ये अभी इस स्थिति में नहीं हैं कि इन्हें अलॉट किया जा सके।

# तमिलनाडु विधानसभा में अवैध शराब को लेकर एआईएडीएमके का हंगामा

### – स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी समेत विधायकों को किया निलंबित



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ईके पलानीस्वामी समेत एआईएडीएमके के विधायकों को सदन की कार्यवाही में रुकावट डालने की वजह से मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया है। निलंबित हुए विपक्षी दल के सदस्य काली टी-शर्ट पहनकर आज सदन पहुंचे और उन्होंने कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी मामले को फिर से उठाने का प्रयास किया और इस मुद्दे पर बातचीत के लिए कार्य स्थगन की मांग की, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने कहा कि वह इस मामले पर फैसला लेंगे।

अन्नाद्रमुक के विधायक ज्वलंत मुद्दे पर जल्द से जल्द बातचीत कराने को लेकर सदन में खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों को अपनी सीट पर बैठने का कई बार अनुरोध किया। इसके बाद भी सदस्य हंगामा करते रहे। इसके बाद अध्यक्ष ने उन्हें सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अन्नाद्रमुक के सदस्यों के मौजूदा सत्र के अंतिम दिन 29 जून तक शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया। निलंबन के फैसले के बाद अध्यक्ष ने अन्नाद्रमुक के सदस्यों पर सदन में समस्या खड़ी करने और बहस में भाग लेने के इच्छुक नहीं होने का आरोप लगाया। अप्पावु ने कहा कि अन्नाद्रमुक के व्हिप ने यह मुद्दा उठाने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन वह मेरा जवाब सुनने के लिए तैयार नहीं थे। इसके बजाय उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान कार्यवाही में बाधा डाली और अपने आचरण से सदन की मर्यादा भंग की है।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि हालांकि सदन कल्लाकुरिची शराब त्रासदी पर बातचीत को तैयार है, लेकिन पलानीस्वामी ही इसके लिए तैयार नहीं हैं। स्टालिन ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे वह सदन छोड़कर बाहर जाने और मीडिया से बात करने में ज्यादा रुचि रख रहे हैं। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि मुख्य विपक्ष को कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों का मुद्दा उठाने से रोकने का जानबूझकर प्रयास किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पिछले पांच दिनों से इस मुद्दे को उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नियमों के मुताबिक इजाजत दी जाएगी, लेकिन जब हमने नियमों के मुताबिक काम किया तो उन्होंने इजाजत देने से इनकार कर दिया। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या विधानसभा में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के लिए अलग-अलग नियम हो सकते हैं।

## क्या भारत की संसद में 'जय संविधान' नहीं बोला जा सकता? प्रियंका गांधी ने क्यों पूछा ये सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि क्या संसद में 'जय संविधान' का नारा लगाने की अनुमति है, साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोगों को असंसदीय नारे लगाने से नहीं रोका गया। उनका बयान तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर के 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद आया। थरूर ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर अंग्रेजी में शपथ ली और समापन ÷जय हिंद, जय संविधान÷ के साथ किया।

विपक्षी सदस्यों ने थरूर के 'जय संविधान' के नारे को दोहराया, जिससे अध्यक्ष को उन्हें याद दिलाने के लिए प्रेरित किया गया कि वे पहले से ही संविधान पर अपनी शपथ ले रहे हैं। हरियाणा से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने दलील दी कि स्पीकर को आपत्ति नहीं जतानी चाहिए थी। स्पीकर ने पलटवार करते हुए कहा, 'किस पर आपत्ति करनी है और किस पर नहीं, इस पर सलाह न दें। बैठ जाओ।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि क्या भारत की संसद में 'जय संविधान' नहीं बोला जा सकता? संसद में सत्ता पक्ष के लोगों को असंसदीय और असंवैधानिक नारे लगाने से नहीं रोका गया, लेकिन विपक्षी सांसद के 'जय संविधान' बोलने पर आपत्ति जताई गई।

कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि चुनावों के दौरान सामने आया संविधान विरोध अब नये रूप में सामने है ? जो हमारे संविधान को कमजोर करना चाहता है। उन्होंने कहा कि जिस संविधान से संसद चलती है, जिस संविधान की हर सदस्य शपथ लेता है, जिस संविधान से हर नागरिक को जान और जीवन की सुरक्षा मिलती है, क्या अब विपक्ष की आवाज दबाने के लिए उसी संविधान का विरोध किया जाएगा? 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को सभी नवनिर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ और 3 जुलाई तक चलेगा। दो दिवसीय शपथ ग्रहण समारोह के बाद, 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ।

## महाराष्ट्र में लाडली बहना और लाडला भाई योजना लागू की जाए, उद्धव ठाकरे ने दिया सुझाव




**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को राज्य में लाडली बहना जैसी योजना लागू करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का समर्थन किया और पुरुषों के लिए भी इसी तरह की नीति की मांग की। उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि चूंकि सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है, जिनमें से एक मध्य प्रदेश की तरह लाडली बहना योजना है, मैं इसका स्वागत करता हूं और पूछता हूं कि इस योजना को लड़कों के लिए भी बढ़ाया जाए। भेदभाव क्यों? लड़कियों और लड़कों दोनों को इसका लाभ मिलना चाहिए।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन शिवसेना (एकनाथ शिंदे), राकांपा (अजित पवार) और भाजपा शामिल हैं। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए इस योजना को शुरू करने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल मध्य प्रदेश चुनाव में बीजेपी की सत्ता में वापसी के पीछे लाडली बहना योजना को माना जाता है। योजना के तहत महिलाओं को मासिक आधार पर 1,200 रुपये से 1,500 रुपये मिलने की उम्मीद है। उम्मीद है कि एकनाथ शिंदे शुक्रवार (28 जून) को पेश होने वाले राज्य बजट में इस योजना की घोषणा करेंगे। उद्धव ठाकरे ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कृषि ऋण की पूर्ण माफी और इसे लागू करने की भी मांग की।

ठाकरे ने कहा कि कृषि ऋण की पूर्ण माफी तुरंत होनी चाहिए और इसे राज्य चुनाव से पहले लागू किया जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने एनईईटी विफलता और अयोध्या राम मंदिर में पानी रिसाव की रिपोर्टों का संदर्भ देते हुए केंद्र और राज्य सरकार को लीकेज सरकारें भी कहा। उन्होंने कहा कि (महाराष्ट्र विधानसभा का) मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है, लेकिन लोग इस सरकार को 'टाटा, बाय-बाय' कह रहे हैं। इस सरकार द्वारा कल बजट की घोषणा की जाएगी। हम उनसे उम्मीद करते हैं कि वे हमें बताएंगे कि उन्होंने महाराष्ट्र पर कितना पैसा खर्च किया।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बता दिया, भारत हिंदु राष्ट्र नहीं : अमृत्य सेन



### –नोबेल पुरस्कार विजेता ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुछ लोग हिंदू राष्ट्र,हिंदू राष्ट्र का राग अलाप रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है। यह बात नोबेल पुरस्कार विजेता अमृत्य सेन ने एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने का विचार उन्हें सही नहीं लगता है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की पूर्व सरकारों और भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली मौजूदा एनडीए सरकार को भी कई मुद्दों पर घेरा। मीडिया से बातचीत में सेन ने कहा, भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है, यह बात चुनाव परिणामों में साफ हो गई है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत को एक हिंदू राष्ट्र में बदलने का विचार सही है। फैजाबाद लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की हार को लेकर उन्होंने कहा कि देश की असली पहचान को दबाने के पूरे प्रयास किए गए थे।

उन्होंने कहा, भारत को हिंदू राष्ट्र दिखाने के लिए... इतना पैसा खर्च कर राम मंदिर बनाना, जो महात्मा गांधी, रविंद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देश में नहीं होना चाहिए था। यह भारत की असली पहचान को नजरअंदाज करने के प्रयास को दिखाता है और इसे तत्काल बदलना चाहिए। 90 वर्षीय सेना का कहना है कि भार में बेरोजगारी बढ़ रही थी और प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को नजरअंदाज किया जा रहा था।सेन ने कहा, हम हर चुनाव के बाद बदलाव देखने की उम्मीद करते हैं। (भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार) के समय में जैसा पहले हुआ कि कई लोगों को बगैर ट्रायल के जेल में डाल दिया और अमीर और गरीब में दूरी बढ़ती गई। ये सब जारी है और इसके रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जब मैं छोटा था, तो मेरे कई रिश्तेदारों को बगैर ट्रायल के जेल में डाल दिया गया था।उन्होंने आगे कहा, हमें उम्मीद थी कि भारत इससे आजाद होगा। यह सब नहीं रुका, इसके लिए कांग्रेस भी जिम्मेदार है। उन लोगों ने इसे नहीं बदला..., लेकिन यह मौजूदा सरकार में ज्यादा हो रहा है। उन्होंने कहा कि नया कैबिनेट पिछले की कॉपी ही है। सेन के अनुसार, ...मंत्रियों को वही विभाग मिले हैं। थोड़े बदलाव के बावजूद राजनीतिक रूप से ताकतलवर अब भी ताकतवर बने हुए हैं।

# रियल एस्टेट में जीएसटी छूट का उचित लाभ मिले: कंपनियां

**नई दिल्ली ।**

नई सरकार के गठन के साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए बजट बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए वित्त मंत्रालय के अधिकारी और खुद वित्त मंत्री भी उद्योग जगत के विभिन्न क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मिल रही हैं। इसी क्रम में रियल एस्टेट जगत भी अपनी मांगों को वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष मांग कर रहा है। यह क्षेत्र चाहता है कि रियल एस्टेट सेक्टर में वस्तु एवं सेवा कर या जीएसटी छूट का उचित लाभ अभी नहीं मिल पाता है। इसमें सुधार किया जाए। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू का कहना है कि सरकार को किफायती और सस्टेनेबल आवास के लिए पहलों को प्राथमिकता देना जारी रखना चाहिए। सस्ते मकान का समर्थन करने वाली नीतियां आवास की कमी को पूरा करने के साथ ही सभी नागरिकों के लिए आवश्यक जीवन स्तर को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी। इसके साथ ही सस्टेनेबल आवास को बढ़ावा देना वैश्विक रुझानों व मानको के अनुरूप है जो पर्यावरण संबंधी चिंताओं को हल करता है, जिससे



भारत हरित विकास में अग्रणी बन सकता है। इसके अनुरूप, वित्त मंत्रालय को आगामी केंद्रीय बजट में किफायती एवं मध्यम आय आवास के लिए विशेष विंडो के तहत 50,000 करोड़ रुपये की दूसरी सहायता और जीएसती के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति देना और सभी के लिए आवास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किराये के आवास के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए।

## भारतीयों ने एक साल में वीडियो शॉपिंग में 20 लाख घंटे बिताए: फ्लिपकार्ट

**नई दिल्ली ।**

ई-वाणिज्य मंच फ्लिपकार्ट ने गुरुवार को कहा कि वीडियो प्रारूप तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और पिछले एक साल में भारतीय ग्राहकों ने उसकी वीडियो वाणिज्य पेशकशों पर 20 लाख घंटे से अधिक समय बिताया है। भारत इंटरनेट डेटा के शीर्ष उपभोक्ताओं में से एक है।

भारतीय उपभोक्ताओं के तेजी से प्रौद्योगिकी को लेकर बढ़ते प्रेम तथा उनके डिजिटल प्रारूपों की ओर आकर्षित होने से देश में वीडियो वाणिज्य में बड़ी संभावनाएं हैं। फ्लिपकार्ट के अनुसार भारतीयों ने जून 2023 से मई 2024 तक उसकी वीडियो वाणिज्य पेशकशों पर 20 लाख घंटे से अधिक समय बिताया है। कंपनी के अनुसार इसमें छोटे तथा मझोले क्षेत्रों का योगदान 65 प्रतिशत है।

लोग अधिकतर फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर, होम डेकोर और फर्निशिंग जैसी श्रेणियों से जुड़ी वीडियो देखते हैं।

सीधे प्रसारित वाणिज्य वीडियो पर अधिकतम दर्शकों की संख्या 14 लाख रही। फ्लिपकार्ट की एक




वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फ्लिपकार्ट के वीडियो वाणिज्य पेशकश को विभिन्न उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इसका मकसद न केवल बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान करना है, बल्कि ऑनलाइन शॉपिंग के मामले में मौजूद संभावित बाधाओं को दूर करना भी है।

## कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के भाव हल्के घटे-बढ़े



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें हल्के दबाव के साथ कारोबार कर रही हैं। इस बीच सुबह 6 बजे देश की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के नए दाम जारी कर दिए हैं। छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा और केरल समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़े हैं। वहीं अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार और गुजरात समेत कुछ प्रदेशों में कीमतें घटी हैं। इसके अलावा, देश के 4 महानगरों समेत प्रमुख शहरों में भी पेट्रोल-डीजल के दामों में हल्की घटत और बढ़त देखने को मिली है। वहीं दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर, गोवा में पेट्रोल 96.45 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.22 रुपये प्रति लीटर है।

## दुनिया की पहली सीएनजी बाइक होगी जुलाई में लांच

### -बजाज ऑटो के एमडी राजीव बजाज ने किया खुलासा

**नई दिल्ली ।**

टू-व्हीलर निर्माता स्वदेशी बजाज ऑटो कंपनी देश ही नहीं बल्कि दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इसे 5 जुलाई को अपने पुणे स्थित चाकन प्लांट में लॉन्च कर सकती है। बाइक में पेट्रोल के साथ-साथ सीएनजी टैंक भी लगाया गया है।

यह बाइक तब चर्चा में आई थी जब बजाज ऑटो के एमडी राजीव बजाज ने इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया था। उन्होंने कहा था कि बजाज क्लीन फ्यूल पर चलने वाला इंजन विकसित कर रही है और ये दुनिया की पहली सीएनजी बाइक हो सकती है। अब बजाज की सीएनजी बाइक के कुछ नई तस्वीरें सामने आईं हैं, जिन्हें रशलेन ने शेयर किया है। तस्वीरों से पता चलता है कि ये एक नेकेड डिजाइन की बाइक होने वाली है, जिसमें आगे टेलीस्कोपिक फोर्क और पीछे मोनोशॉक सस्पेंशन सेटअप दिया गया है। इसके अलावा बाइक में राउंड शेप में एलईडी हेडलाइट, छोटा साइलेंसर, अलॉय व्हील्स, ग्रैब रेल जैसे फीचर दिए गए हैं। बाइक का डिजाइन देखकर लगता है कि कंपनी इसे 125सीसी इंजन में पेश कर सकती है। हालांकि, ये बाइक का टेस्टिंग मॉडल है और प्रोडक्शन मॉडल इससे कुछ अलग भी हो सकता है। बजाज कीसीएनजीमोटरसाइकिल में डुअल फ्यूल सिस्टम दिया जा सकता है यानी बाइक सीएनजी के साथ-साथ पेट्रोल से भी चलेगी। फ्यूल को बदलने के लिए बाइक में एक डेडिकेटेड स्विच भी मिल सकता है, जो चालक को सीएनजी से पेट्रोल या पेट्रोल से सीएनजी पर स्विच करने की सुविधा देगा।

इसके एबीएस और नॉन-एबीएस दोनों वैरिएंट पेश किए जा सकते हैं। सीएनजी मोटरसाइकिल में गियर इंडिकेटर, गियर गाइडेंस और एबीएस इंडिकेटर जैसी डिटेल के साथ सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल मिलने की उम्मीद है। स्पाई शॉट्स में एलईडी हेडलाइट देखी जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने इस बाइक में सीएनजी टैंक सीट के नीचे फिट किया है, जबकि पेट्रोल टैंक अपनी सामान्य जगह में होगा।बजाज की सीएनजी मोटरसाइकिल के फीचर्स की बात करें तो इसके दोनों सिरों पर 17-इंच के व्हील और 80/100 ट्यूबलेस टायर्स मिलने की उम्मीद है।

## साल 2026 में ओला की पहली इलेक्ट्रिक बाइक होगी लांच

### -चार इलेक्ट्रिक बाइक का प्रोडक्शन करने की योजना

**नई दिल्ली ।**

जानी-मानी कंपनी ओला की साल 2026 में पहली इलेक्ट्रिक बाइक इंडियन मार्केट में दस्तक देगी। ओला ने चार इलेक्ट्रिक बाइक का प्रोडक्शन करने की योजना बनाई है।पिछले साल ओला ने चार नई बाइक्स को शोकेस किया था, जिनमें डायमंडहेड, एडवेंचर, रोडस्टर और क्रूजर डिजाइन की बाइक्स शामिल थीं। ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी शुरुआती पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) में ड्राफ्ट पेपर्स फाइल कर दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि 'हम 2026 के शुरुआती छह महीनों में ही इन मोटरसाइकलों को डिलीवर करने की योजना पर काम कर रहे हैं। हम मोटरसाइकिल के साथ ही अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने के लिए योजना बना रहे हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में अपनी तीन मोटरसाइकिलों के डिजाइन और एक रिमूवेबल इलेक्ट्रिक बैटरी के लिए पेटेंट कराया है। लोगों ने ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटर को अपनाकर बेहतरीन प्रतिक्रिया दी है। ओला के कई इलेक्ट्रिक स्कूटर मार्केट में हैं, जो इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में 30 फीसदी मार्केट शेयर रखते हैं। ओला के तीन इलेक्ट्रिक स्कूटर एस1 प्रो, एस1 एयर और एस1 एक्स भारतीय बाजार में बिक रहे हैं। एस1 एक्स के तीन अलग-अलग बैटरी वैरिएंट और रेंज के साथ मार्केट में उपलब्ध हैं। ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटरों का मुकाबला बजाज ऑटो, टीवीएस मोटर और एथर के इलेक्ट्रिक स्कूटरों से है। एथर ने हाल ही में फैमिली स्कूटर रिज्टा को मार्केट में उतारा है। वहीं बाइक सेगमेंट में ओला का मुकाबला ओबेन, हॉप, ओकिनावा, रिवोल्ट और कबीरा समेत कई अन्य कंपनियों से होगा। हीरो मोटोकॉर्प, जो भारत के सबसे बड़े टू-व्हीलर निर्माताओं में से एक है, भी इलेक्ट्रिक सेगमेंट में बाइक उतारने की तैयारी कर रही है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, हीरो मोटोकॉर्प अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक साल 2025-26 में लॉन्च कर सकती है। हीरो के लाइन-अप में विदा रेंज के छह मॉडल आ सकते हैं। साथ ही हीरो के चार मॉडल जीरो मोटर्स के साथ पार्टनरशिप के तहत भी मार्केट में उतारे जा सकते हैं।

## इंडस टावर्स ने छह महीने में 90 फीसदी रिटर्न दिया

**मुंबई ।**

शेयर बाजार की तेज़ी जारी है और गुरुवार को निफ्टी ने निचले स्तरों पर खुलने के बावजूद 23950 के पार जाकर कारोबार किया। विशेषज्ञ बताते हैं कि मार्केट में स्टॉक स्पेसिफिक एक्शन जारी रहेंगे। इंडस टावर्स के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। हाल के महीनों में शेयर में काफी उछाल आया है, जिससे निवेशकों को अच्छा लाभ हुआ है। इंडस टावर्स लिमिटेड के शेयर गुरुवार सुबह 1.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 361.25 रुपए के लेवल पर कारोबार कर रहे थे। बाजार विशेषज्ञ के अनुसार बाज़ार और इंडस्ट्री के हालात इंडस टावर्स के लिए अनुकूल हैं। उन्होंने कहा हे कि लंबे समय तक निवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडस टावर्स को वोडाफोन आइडिया के नियोजित नेटवर्क विस्तार से लाभ होगा। वोडाफोन आइडिया द्वारा हाल ही में जुटाया गया फंड इंडस टावर्स के लिए पॉज़िटिव है। उन्होंने इंडस टावर्स के लिए 370 रुपये का टारगेट प्राइस निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि रिस्क को प्रभावी ढंग से मैनेज करने के लिए स्टॉप लॉस 348-350 रुपये के आसपास होना चाहिए। इंडस टावर्स वायरलेस संचार टावरों की स्थापना, संचालन और मैंटेनेंस के व्यवसाय में लगी हुई है। यह देश में टावर और संबंधित इंफ्रा स्ट्रक्चर को साझा करने वाली सेवाओं की टॉप सर्विस प्रोवाइडर है।




## 2029 तक 65 फीसदी पहुंच जाएंगे 5जी ग्राहक

**मुंबई ।** देश में 5जी ग्राहकों की संख्या 2029 तक बढ़कर 65 फीसदी पहुंच जाएगी। वर्तमान में कुल मोबाइल कनेक्शन में 5जी की हिस्सेदारी करीब 10 फीसदी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 के ओ खिरी तक भारत में 11.9 करोड़ लोग 5जी सेवा का उपयोग कर रहे थे। 2029 तक इन ग्राहकों की संख्या बढ़कर 84 करोड़ पहुंच जाएगी। वहीं दुनियाभर में 5जी सेवा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर करीब 60 फीसदी पहुंच जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने बड़े पैमाने पर मिड-बैंड की तैनाती की है। इससे 2023 ओ खिर तक 90 फीसदी से अधिक आबादी तक इंटरनेट पहुंच गया।

## अप्रैल-जून में 7 महानगरों में आवासीय बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी: एनारॉक

**नई दिल्ली ।** देश के सात प्रमुख शहरों में अप्रैल-जून में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.2 लाख इकाई हो गई। कीमतों में बढ़ोतरी से मांग में पिछली तिमाही की तुलना में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने चालू अप्रैल-जून तिमाही के लिए हाउसिंग मार्केट के आंकड़े गुरुवार को जारी किए। एनारॉक के अनुसार अप्रैल-जून 2024 में सात प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 1,20,340 इकाई रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,15,090 इकाई थी। हालांकि जनवरी-मार्च तिमाही की तुलना में बिक्री में आठ प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। जनवरी-मार्च तिमाही में 1,30,170 इकाइयों की बिक्री हुई थी। एनारॉक के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि आवासीय बिक्री में तिमाही आधार पर गिरावट पिछले एक साल में संपत्ति की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण है। वार्षिक आधार पर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद में बिक्री में वृद्धि देखी गई है, जबकि चेन्नई तथा कोलकाता में मांग में गिरावट आई।

## वोल्टास की रेटिंग में सुधार की संभावनाएं

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख रूम एयर कंडीशनर बनाने वाली वोल्टास के शेयर मई के निचले स्तर से 17 प्रतिशत और पिछले तीन महीनों में 36 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। गर्मी के सीजन की मजबूत मांग, डिस्ट्रीब्यूशन में विस्तार, नए लॉन्च और बैकवर्ड इंटीग्रेशन की वजह से कंपनी की ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस में सुधार की संभावना है। कंपनी के मुख्य आरएसी सेगमेंट में कई सकारात्मक पहलू हैं। भीषण गर्मी के कारण कम इन्वेंट्री और ऑफ-सीजन के मुकाबले 50 फीसदी ज्यादा मांग ने एसी कंपनियों को अपने उत्पादों की कीमत बढ़ाने में मदद की है। एक शोधकर्ता के अनुसार, वोल्टास ने अपनी कीमतों में 3-5 फीसदी की बढ़ोतरी की है। डोमेस्टिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल प्रोजेक्ट्स और सर्विसेज बिजनेस में बेहतर ऑर्डर बुक की वजह से सालाना आधार पर 38 फीसदी की वृद्धि हुई है। कंपनी ने समय पर एग्जिक्यूशन, सर्टिफिकेशन पर ध्यान और अन्य संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट पहलों के कारण पिछले साल के मुकाबले मजबूत मुनाफे में बढ़ोतरी को हाइलाइट किया है। बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर के खर्च को देखते हुए कंपनी ने घरेलू परियोजनाओं के व्यवसाय के लिए पॉजिटिव आउटलुक बनाए रखा है।



# सेंसेक्स पहली बार 79 हजार जबकि निफ्टी 24 हजार के ऊपर पहुंचा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को रिकार्ड तेजी रही। दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही खरीदारी हावी होने से बाजार अपने अब तक के सबसे उच्च स्तर पर जाकर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुनार घरेलू अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों के साथ ही विदेशी निवेशकों की लिवाली (खरीददारी) से बाजार रिकॉर्ड लेवल पर बंद हुआ। इसके अलावा इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसी कंपनियों के शेयरों में तेजी से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स पहली बार 79 हजार जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 24 हजार के ऊपर निकल गया।

सेंसेक्स आज 0.72 फीसदी करीब 568.93 अंक बढ़कर 79,243.18 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार निफ़्टी भी 0.74 फीसदी तकरीबन 175.70 अंक बढ़कर 24,044.50 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्रा सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 5.07 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। कंपनी के इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की बात से भी अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक बढ़ गये। इसके साथ ही एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टीसीएस, कोटक बैंक, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा के शेयर भी ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर सबसे ज्यादा 1.11 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा सन फार्मा, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर भी गिरे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार ज्यादा क्षेत्रों में आज बढ़त दर्ज की गई, जिनमें आईटी और उर्जा सबसे ज्यादा वृद्धि हासिल करने वाले क्षेत्रों में रहे। वहीं व्यापक सूचकांकों में आज मिलाजुला असर रहा क्योंकि मिडकैप सूचकांक लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुआ जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में आधे फीसदी से अधिक की गिरावट रही। गत दिवस भी बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों की वजह से बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में



कारोबार कर रहे हैं। बीएसई सेंसेक्स 0.11 फीसदी लुढ़क कर 78,583 पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी50 0.12 फीसदी गिरकर 23,839.90 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं एशिया-प्रशांत बाजार में गिरावट देखने को मिली। जापान का निक्केई और कोरिया का कोस्पी 0.94 फीसदी नीचे कारोबार करते दिखे, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 1.50 फीसदी गिर गया। इसके विपरीत वॉल स्ट्रीट में बढ़त दर्ज की गई। नैस्डैक 0.49 फीसदी बढ़ा, डॉव जोन्स 0.16 फीसदी ऊपर और एसएंडपी 500 0.04 फीसदी बढ़कर बंद हुआ।

## फॉक्सकॉन प्लांट से श्रम मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने फॉक्सकॉन इंडिया के एप्पल आईफोन संयंत्र में विवाहित महिलाओं को काम करने की अनुमति नहीं देने के मुद्दे पर तमिलनाडु के श्रम विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस बारे में मीडिया में खबरें आई हैं जिसके बाद श्रम विभाग ने यह कदम उठाया है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 की धारा 5 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पुरुष और महिला श्रमिकों की भर्ती करते समय कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि चूंकि राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों के प्रवर्तन और प्रशासन के लिए उपयुक्त प्राधिकारी है, इसलिए उससे रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही इसने कहा कि क्षेत्रीय मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय को भी श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मीडिया में आई उन खबरों पर संज्ञान लिया है जिनमें कहा गया है कि विवाहित महिलाओं को फॉक्सकॉन इंडिया एप्पल आईफोन संयंत्र में काम करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

# एयर इंडिया से सिर्फ 883 रुपये में भर सकेंगे उड़ान

नई दिल्ली ।

हवाई जहाज में यात्रा करने वालों के लिए टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने खास ऑफर की पेशकश की है। इस ऑफर के जरिए हवाई यात्री मात्र 883 रुपये में उड़ान भर सकेंगे। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मोबाइल ऐप और अन्य प्रमुख बुकिंग प्लेटफार्मों पर सेल की घोषणा की। जो यात्री एयर इं डिया एक्सप्रेसडॉटकॉम और मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग करते हैं तो एक्सप्रेस लाइट का किराया 883 रुपये से शुरू होगा। वहीं अन्य बुकिंग चैनलों के माध्यम से एक्सप्रेस वेल्यू का किराया 1,096 से शुरू होगा। इस ऑफर का लाभ यात्री 28 जून तक उठा सकते हैं। हालांकि, यात्रा 30 सितंबर तक मान्य रहेगी। ग्राहक जो एयर इं डिया एक्सप्रेसडॉटकॉम पर बुकिंग करते हैं, वे खास फायदे उठा सकते हैं। इनमें जीरो चेक-इन बैगेज एक्सप्रेस लाइट किराए पर विशेष छूट शामिल है। आप बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 3 किलोग्राम कैबिन बैगेज प्री-बुक कर सकते हैं। इसके अलावा चेक-इन बैगेज की फीस पर भी छूट है। घरेलू उड़ानों पर 15 किलोग्राम के लिए 1000 से और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 20 किलोग्राम के लिए 1300 से डिस्काउंट मिल सकता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के लॉयल्टी सदस्य 100 से 400 तक की विशेष छूट पा सकते हैं और वेबसाइट पर 8 फीसदी तक न्यू काइन कमा सकते हैं।




## वर्ल्ड टीवी प्रीमियर में हुमा कुरैशी की पाक कला की दुनिया तरला




एंड पिक्चर्स पर पाक कला की दुनिया की मशहूर हस्ती तरला दलाल की जिंदगी के एक शानदार सफर पर, जिनकी कहानी उनकी रेसिपी जितनी ही चटपटी है। इस अनोखी और दिल को छू लेने वाली बायोपिक में, तरला (हुमा कुरैशी) एक ऐसी महिला की प्रेरणादायक कहानी है जहां कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, तरला महिलाओं को सशक्त बनाती है और उन्हें खाने के जरिए अपने सपनों को साकार करने में मदद करती है। यह फिल्म एक कुकिंग एडवेंचर पर है।

# साउथ अफ्रीका टीम ने रचा इतिहास, अफगानिस्तान को दी 9 विकेट से मात पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने नाम की मुहर लगा दी है। साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। बता दें कि, ये पहली बार है जब अफ्रीकी टीम टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है, इसके साथ ही टीम ने इतिहास भी रच दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुअ अफगान टीम महज 56 गेंदों पर धराशाही हो गई, जिसके जवाब में अफ्रीकी टीम ने आसानी से इस टारगेट को चेज कर लिया।

साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। वहीं कप्तान एडम माक्ररम ने 23 रन बनाए। ये दोनों खिलाड़ी अंत तक आउट नहीं हुए और महज 8.5 ओवर्स में ही टारगेट को चेज कर लिया। टीम की शुरुआत बेहद ही खराब रही। जब क्विटंन डिकॉक सिर्फ 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए उन्हें फजलहक फारूकी ने अपना शिकार बनाया। इसके साथ ही अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो बाद में गलत साबित हुआ। टीम के बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे और कोई भी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन नहीं कर सका। अजमतुल्लाह उमरजई ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए थे, उन्होंने 10 रन बनाए। जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज, नूर अहमद और मोहम्मद नबी अपना खाता तक नहीं खोल पाए। इसी कारण से अफगानिस्तान टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और महज 56 रनों पर ही समिट गई। टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया ये सबसे कम स्कोर है। दूसरी तरफ साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ था। मार्को जेसन ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं तबरेज शम्सी ने भी तीन विकेट अपने नाम किए। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्खिया ने 2-2 विकेट चटकाए।



# सेमीफाइनल में करारी हार से हताश नजर आये अफगानिस्तान के कप्तान राशिद




**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंचकर सबको हैरान करने वाली अफगानिस्तान की टीम जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में बिखरी है उससे सभी हैरान हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को सुपर 8 में हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान की टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह से ढ़ह गयी। उसे दक्षिण अफ्रीका ने एकतरफा सेमीफाइनल में 9 विकेट से हरा दिया। इस हार ने अफगानिस्तान के खिलाड़ियों के साथ ही प्रशंसक भी निराश हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली करारी हार ने अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को हताश कर दिया। सेमीफाइनल समाप्त होते ही अफगानिस्तान के खिलाड़ी मायूस नजर आये। कप्तान राशिद खान समझ ही नहीं पाये कि मैच कब हाथ से निकल गया।

सेमीफाइनल में हारने के बाद भी अफगानी खिलाड़ियों ने मैदान का चक्कर लगाया। उन्होंने टीम का समर्थन करने स्टेडियम पहुंचे प्रशंसकों का आभार भी जताया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया पर उसकी टीम अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी।

वहीं शुरुआती ग्रुप मैचों में अफगानिस्तान की टीम बेहतरीन फॉर्म में चल रही थी। उसने ग्रुप राउंड में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को हराया था। फिर सुपर-8 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल की। इसके बाद अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाली बांग्लादेश को हराया।

# शुभमन की कप्तानी में एक जुलाई को जिम्बाब्वे रवाना होगी भारतीय टीम



**–यशस्वी , सैमसन सहित चार खिलाड़ी बाद में रवाना होंगे**

**मुम्बई (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलने एक जुलाई को जिम्बाब्वे रवाना होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इस दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की थी। इस दौरे में बोर्ड ने अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देते हुए युवाओं को अवसर दिया है। इस दौरे पर जाने वाले खिलाड़ी अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हाई-परफॉर्मेंस कैंप में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं इस दौरे के लिए चयनित यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और खलील अहमद टी20 विश्वकप समाप्त होने के बाद रवाना होंगे।

इस दौर के लिए युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और बल्लेबाज रियान पराग अभी राजस्थान रॉयल्स के उच्च प्रदर्शन केंद्र में तैयारी कर रहे हैं। वे वहां लगभग एक सप्ताह प्रशिक्षण में बिताएंगे और मुंबई में अन्य खिलाड़ियों से मिलेंगे। वर्तमान एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, अंतरिम भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में युवा टीम के साथ यात्रा करेंगे। एनसीए के सहयोगी स्टाफ के भी लक्ष्मण के साथ रहने की उम्मीद है।

**सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है**

**पहला टी20ई :** 6 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**दूसरा टी20ई :** 7 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**तीसरा टी20ई :** 10 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**चौथा टी20ई :** 13 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**5वां टी20ई :** 14 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

ये सभी मुकाबले शाम 4-30 बजे से खेले जाएंगे

# अफगानिस्तान बनी टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में सबसे कम स्कोर बनाने वाली टीम

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम के नाम आईसीसी टी20 विश्वकप में एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जिसे वह याद नहीं रखना चाहेगी। अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल में के खिलाफ केवल 56 रन बना पायी। ये आईसीसी टी20 विश्वकप सेमीफाइनल का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले का सबसे छोटा स्कोर श्रीलंका के नाम था। श्रीलंकाई टीम 2010 में टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 11.5 ओवर में 128 रन ही बना पायी थी।

अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे बेहतर कर सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान की टीम से उसके प्रशंसकों को काफी उम्मीदें थीं पर उसने निराश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगान टीम की शुरुआत खराब रही। उसके सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके बाद उसके बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौटने लगे। चार रन पर पहला विकेट गंवाने वाली अफगानिस्तान की टीम ने 20 रन पर चौथा, 23 रन पर पांचवां, 28 रन पर छठा विकेट खो दिया। उसकी पूरी टीम 71 गेंद में 56 रन बनाकर पेवेलियन लौट गयी।

सबसे अधिक 10 रन चौथे अजमतुल्लाह ओमरजई ने बनाये। उन्होंने 12 गेंद में 10 रन बनाए। वहीं सबसे अधिक 13 रन अतिरिक्त रहे। ये रन वाइड आर लेगबाई से आये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों तबरेज शम्सी और मार्को यानसेन ने 3-3 विकेट लिए। शम्सी ने तो केवल 1.5 ओवर के स्पेल में 6 रन देकर 3 विकेट ले लिए। वहीं यानसेन ने 3 ओवर के स्पेल में 16 रन दिए और 3 विकेट अपने नाम किए। कैगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्किया को दो-दो विकेट मिले।

# इस तरह की पिच पर कोई भी विश्व कप सेमीफाइनल नहीं खेलना चाहेगा: अफगानिस्तान कोच

**तारोबा (त्रिनिदाद) (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नहीं थी। इस पिच से तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिल रहा था और इसमें अनिश्चित उछाल दी थी। अफगानिस्तान की टीम इस पिच पर केवल 56 रन बनाकर आउट हो गई जो टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूनतम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर दिया लेकिन उसके बल्लेबाजों को भी संघर्ष करना पड़ा।



ट्रॉट ने मैच के बाद कहा, 'मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैं अंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा।% इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुकाबला बराबरी का होना चाहिए। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं कि यह सपाट होनी चाहिए जिसमें स्पिन या सीम मूवमेंट न हो। मेरे कहने का मतलब है कि आपको बल्लेबाजों की भी चिंता होनी चाहिए। बल्लेबाजों को अपने पांव के मूवमेंट पर विश्वास होना चाहिए और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।'

ट्रॉट ने कहा, 'टी20 का खेल आक्रामकता तथा रन बनाने और विकेट लेने से जुड़ा है। यह प्रारूप क्रीज पर टिके रहने के लिए नहीं बना है।' तारोबा में विश्व कप के पांच मैच खेले गए जिनमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम केवल एक बार 100 रन के पार पहुंची। मेजबान वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 149 रन बनाए और उसका सफलतापूर्वक बचाव भी किया। अफगानिस्तान का अपना पहला विश्व कप सेमीफाइनल खेलने से पहले काफी व्यस्त कार्यक्रम था और ट्रॉट ने कहा कि उनके खिलाड़ी थके हुए थे।

उन्होंने कहा, 'हम पिछले मैच के बाद तीन बजे होटल पहुंच पाए थे और इसके 5 घंटे बाद हमें निकलना पड़ा। इस तरह से हमें सोने का बहुत अधिक वक्त नहीं मिला और खिलाड़ी वास्तव में थके हुए थे।' ट्रॉट ने कहा, 'लेकिन हम अपने कार्यक्रम से अवगत थे और यह कोई बहाना नहीं है। जब आप विश्व कप या किसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो सभी चीजें आपके अनुरूप नहीं होती हैं और आपको इन मुश्किलों का सामना करते हुए आगे बढ़ना होता है।

# भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है :राष्ट्रपति मुर्मु

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉड 'संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।'



# बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल देव

नई दिल्ली । भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाए तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। कपिल ने कहा कि बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं। भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं। बहरहाल, टीम इंडिया अभी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी कर रही है। गुयाना के मैदान पर बारिश ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। हालांकि टीम इंडिया को एक फायदा यह भी हो सकता है कि अगर मैच न हुआ तो वह अपने ग्रुप में पहले नंबर पर रहने के साथ अपने आप ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी।



# अगले माह एशिया कप में होगा भारत-पाक की महिला क्रिकेट टीमों में मुकाबला

**मुम्बई (एजेंसी)।** अब प्रशंसकों को एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अनुसार ये मुकाबला अगले माह श्रीलंका में भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच एशिया कप में खेला जाएगा। एशिया कप 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला 19 जुलाई को पाकिस्तान से होगा। इस बार एशिया कप में मेजबान श्रीलंका सहित आठ टीमें भाग लेंगी। पिछली बार से अलग करते हुए इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। इसमें भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में रहेंगे। .

एसीसी के अनुसार भारतीय टीम 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला 26 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी नजर आयेंगी।अब एशिया कप में भारतीय टीम ने सबसे अधिक कुल सात बार इस खिताब जीता है। वहीं एक बार इसे बांग्लादेश ने जीता था।




# गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया

**बुखारेस्ट। (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।


गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञानंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। दस खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल के शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली। दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गये।

# पीसीबी की समीक्षा बैठक में उठेगा खिलाड़ियों के निजी कार्यक्रमों में जाने का मामला

लाहौर । आईसीसी टी20 विश्वकप में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के क्रिकेटरों की मुश्किले बढ़ना तय है। इसका कारण है कि खिलाड़ियों पर टूर्नामेंट के दौरान निजी कार्यक्रमों के जरिये पैसा कमाने के आरोप लगे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम के कुछ खिलाड़ियों ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 2500 डॉलर लिए थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डलास में किया गया था। इसके बाद एक अन्य कार्यक्रम आयोजित होना था पर कप्तान बाबर आजम और बाकी खिलाड़ियों को दी जाने वाले पैसे में अंतर के कारण इसे रद्द करना पड़ा था। अब ये सारे मामले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की समीक्षा बैठक में उठाए जाने तय हैं। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि खिलाड़ियों की अनुशासनहीन और लापरवाही के लिए टीम प्रबंधन भी जिम्मेदार है। उसने ही खिलाड़ियों को काफी रियायतें दी थीं। इसके अलावा टीम में मतभेद और गुटबाजी का भी मामला समीक्षा बैठक में उठान तय है। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम दो गुटों में बंटी हुई है और कप्तानी को लेकर बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बीच मतभेद हैं। ऐसे में बड़े बदलाव होने की संभावना है। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता बनाने पर भी विचार किया जा रहा है, जिनकी टूर्नामेंट के दौरान परिवार को साथ लाने और प्रमोशनल इवेंट्स में जाने को लेकर आलोचना हो रही है। पाकिस्तान की टीम विश्वकप के पहले दौर में ही बाहर हो गई। उसे अमेरिका के खिलाफ अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

# पेरिस ओलंपिक की पैदल चाल स्पर्धा में भाग लेंगे अक्षदीप

नई दिल्ली । आगामी पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल स्पर्धा में भारत के अक्षदीप सिंह भाग लेंगे। पंजाब की ओर से खेलने वाले अक्षदीप ने ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अक्षदीप ने रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में जीत के साथ ही ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। 20 किमी पैदल चाल में राष्ट्रीय रिकार्ड धारी अक्षदीप रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किस था। तब अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था। इस खिलाड़ी का ओलंपिक तक का सफर आसान नहीं रहा है। अक्षदीप ने तरनतारन में आयोजित अंडर-18 नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने अंडर-18 जूनियर नेशनल में भाग लिया और रजत पदक जीता। 2017 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उसने फिर से रजत पदक जीता। हालांकि, 2019 में घुटने की चोट के कारण वह इटली में हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने फरवरी 2020 में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में हिस्सा लिया, लेकिन 12वां स्थान हासिल किया। 2023 को उसने 47वीं ऑल जापान रेस वॉकिंग मीट में हिस्सा लिया और 12वें स्थान पर रहे।



# अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना लक्ष्य: मीराबाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है।

तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, 'पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।''

मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है।

मीराबाई ने कहा, 'मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे।' उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी।'

मणिपुर की इस खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है।% मीराबाई ने कहा, 'मैंने चोटिल होने के बाद काफी कुछ सीखा है। उससे निपटने और उबरने के साथ सही खान-पान और विश्राम पर ध्यान देना काफी जरूरी होता है।'

मीराबाई ओलंपिक की तैयारियों को दुरुस्त करने सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनकी स्पर्धा का आयोजन सात अगस्त को होगा। मीराबाई ने कहा, 'मैं सात जुलाई को पेरिस जा रही हूं। प्रतियोगिता से एक महीने पहले वहां पहुंचने से काफी फायदा मिलेगा।' उन्होंने अपना समर्थन करने के लिए साइ, टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और आईडब्ल्यूएलएफ का शुक्रिया करते हुए कहा, 'किसी भी खिलाड़ी के लिए ओलंपिक के मेजबान शहर में एक महीने तक अभ्यास का मौका मिलना बड़ी बात है। इन सबने मेरी काफी मदद की है।'



# पेरिस ओलंपिक के भारतीय हॉकी टीम में शामिल उत्तर प्रदेश के राजकुमार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के राजकुमार पाल का चयन आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में हुआ है। राजकुमार के चयन से जिले के लोगों में खुशी की लहर है। राजकुमार पाल ने अपने करियर की शुरुआत करमपुर गांव स्थित मेघबरन स्टेडियम से शुरू की थी थी। राजकुमार पाल अभी बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैंप में भाग ले रहे हैं। अब पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ वह भी खेलने जाएंगे। पिछले 4 सालों से वह राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहे हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पेरिस ओलंपिक की हॉकी टीम में जगह मिली है। राजकुमार ने सबसे पहले साल 2020 में भी भारतीय टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल था।

## हूतियों का दावा– इजरायल में अडानी के पोर्ट पर किया ड्रोन अटैक

तेल अवीव। इजरायल में मौजूद भारतीय कंपनी के बंदरगाह पर यमन के हूती विद्रोहियों ने हमले का दावा किया है। दावा है कि उन्होंने इजरायल के हाइफा बंदरगाह पर ड्रोन के जरिए हमला किया है। इराक के इस्लामिक प्रतिरोध के साथ एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया। इसमें कई ड्रोन ने हाइफा बंदरगाह के करीब एक इजरायली जहाज को निशाना बनाया। इजरायल का हाइफा बंदरगाह भारत के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस बंदरगाह का संचालन भारतीय अरबपति गौतम अडानी की कंपनी एक स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह इजरायल के सबसे प्रमुख बंदरगाहों में से एक है, जहां से लगभग 99 फीसदी सामान समुद्र के रास्ते आता-जाता है। पिछले साल जनवरी में 4 अरब शेकेल ( 1.03 अरब डॉलर ) में इसे खरीदा गया था। ईरान के समर्थन वाले हूती लड़ाकों के प्रवक्ता याह्या सारी ने बुधवार को टीवी पर एक बयान में हमले के बारे में बताया। इजरायल ने हालांकि हूतियों के हमले से इनकार किया है। इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि आर्मी को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं है। हाइफा बंदरगाह पर किसी असामान्य चीज का कोई संकेत नहीं है। इजरायल की ओर से गाजा पर हमले के विरोध में हूतियों ने पिछले साल नवंबर से ही हमला शुरू कर दिया है। उसका कहना है कि यह हमले गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए है। नवंबर में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में शिपिंग लेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया था। दर्जनों हमलों में उन्होंने दो जहाज डुबो दिए, एक जहाज हाईजैक कर लिया ।हीं दूसरी ओर अदन की खाड़ी में एक जहाज और इजराइल के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर ईलात पर बुधवार को तड़के हमले किए गए। अदन की खाड़ी में एक जहाज और इजराइल के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर ईलात पर बुधवार को तड़के हमले किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संभवत- ये हमले हूती विद्रोहियों ने किए हैं।

## 24 घंटे में 35 सैन्य विमान और 7 नौसैनिक जहाज.....ताइवान पर क्या चाहता है चीन

बीजिंग । चीन और ताइवान में फिर तनाव बढ़ता हुआ दिख रहा है। चीनी सेना बार-बार ताइवान की सीमा में घुस रही है। दरअसल, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि 24 घंटे की अवधि के दौरान द्वीप के आसपास 35 चीनी सैन्य विमानों और सात नौसैनिक जहाजों का पता लगाया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की अवधि के दौरान 35 चीनी सैन्य विमानों और सात नौसैनिक जहाजों का पता लगा। ताइवान के मुताबिक चीन के 19 एयरक्रॉफ्ट उसके डिफेंस आईडेंटिफिकेशन जोन यानी डीआईजेड तक पहुंच गए थे। ताइवान ने इस माह अब तक चीनी सैन्य विमानों को 324 बार ट्रैक किया है। साथ ही नौसेना जहाजों को 190 बार ट्रैक किया है। इसके बाद ताइवान ने चीनी सेना पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज तैनात किए है। ताइवान ने मिसाइल सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया। ताइवान चीनी सेना की हर हरकत पर नजर रखे हुए है। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है और पिछले महीने ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के उद्घाटन के बाद द्वीप के चारों ओर सैन्य अभ्यास किया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन अभ्यासों के दौरान, बीजिंग ने इस साल एक दिन में सबसे अधिक 62 सैन्य विमान ताइपे के आसपास भेजे।

## पाकिस्तान में लू और गर्मी ने ली लोगों की जान, भरे पड़े हैं मुर्दाघर

कराची। भारत के साथ पाकिस्तान भी भीषण गर्मी की चपेट में है। पाकिस्तान में भी भीषण गर्मी के कारण कई लोगों मौत हो चुकी है। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में भीषण गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हुई है। हालात यह है शवों को रखने के लिए जगह नहीं है। मुर्दाघर भरे पड़े



हैं। पाकिस्तान के एनजीओ का दावा है। पाकिस्तान सरकार ने अभी इस बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा पेश नहीं किया है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में से 141 लोगों ने 25 जून को जान गंवाई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी सेवाओं के कर्मचारियों को कराची की सड़कों पर अब तक 30 लोगों के शव मिले हैं। उसका कहना है कि उसे बुधवार को छोड़कर पिछले चार दिनों में कम से कम 427 शव मिले हैं। ज्यादातर शव बेघर लोगों और सड़कों पर नशा करने वालों के हैं। तेज गर्मी की लहर ने उनकी जान ले ली। ये लोग अपना पूरा दिन इलाज की तलाश में खुले में बिताते हैं। पाकिस्तान का बंदरगाह शहर कराची भयंकर गर्मी की चपेट में है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। तटीय इलाकों के हिसाब से यह बेहद खतरनाक है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले तीन दिन में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, हवा में ज्यादा नमी की वजह से उमस है। इसकी वजह से 40 डिग्री तापमान भी 49 डिग्री जैसा महसूस हो रहा है। पिछले चार दिन में कराची के सिविल अस्पताल में हीटस्ट्रोक की वजह से 267 लोग भर्ती किए गए हैं।

## दमिश्क में देर रात सुनाई दीं विस्फोट की आवाजें

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाकों में बुधवार देर रात विस्फोट की आवाजें सुनी गईं। ये इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमले लग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों और शाम एफएम रेडियो के मुताबिक हमले दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण इलाके में सैय्यदा ज़ैनब उपनगर के पास एक इलाके में हुए। इस बीच सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों के साथ-साथ दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई।

## बोलीविया का तख्ता पलटने का असफल प्रयास, जनरल गिरफ्तार

ला पाज़। बोलीविया में राष्ट्रपति लुइस आर्से के खिलाफ तख्ता पलटने की असफल साजिश के कुछ घंटों बाद जनरल जुआन जोस जुनिगा को गिरफ्तार कर लिया गय। यह गिरफ्तारी ला पाज़ शहर में उप आंतरिक मंत्री जॉनी एगुइलेरा के नेतृत्व में एक अभियान चलाकर की गई। मीडिया रिपोर्ट में एफजीई के संचार प्रमुख जोस लुइस टारक्विनो के हवासे से बताया कि तख्ता पलटने के असफल कोशिश में शामिल जुनिगा और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि ला पाज़ शहर में हुई नई घटनाओं को देखते हुए अटॉर्नी जनरल ने जनरल जुआन जोस जुनिगा और घटनाओं में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक जांच के अनुरूप सभी कानूनी कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है।

## डॉक्टर ने की अपने ही परिवार की हत्या की कोशिश, कोर्ट ने नहीं भेजा जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत की एक कोर्ट ने भारतीय मूल के डॉक्टर को अपने ही परिवार की हत्या करने के प्रयास में जेल नहीं भेजा है और डॉक्टर की मानसिक बीमारी का इलाज कराने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 43 वर्षीय डॉ धर्मेश पटेल ने दो जनवरी-2023 को अपनी कार को एक चट्टान से 250 फीट नीचे गिरा दिया था। हालांकि हादसे में वह खुद और कार में सवार उनकी पत्नी और दो बच्चे बच गये थे। पिछले साल सितम्बर में सुनवाई के दौरान उन्होंने हत्या के प्रयास के तीन मामलों में दोषी नहीं होने की दलील दी। अदालत ने आरोपी के स्किज़ोफेक्टिव डिसऑर्डर और अन्य प्रमुख अवसादग्रस्तता लक्षणों से पीड़ित होने संबंधी डॉक्टरों की रिपोर्टों का भी अध्ययन किया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक कैलिफोर्निया प्रांत की एक कोर्ट में दायर रिकॉर्ड में डॉ पटेल को मानसिक बीमारी से ग्रस्त पाया गया, जिसके तहत अपराध के लिए आरोपित व्यक्ति का इलाज कराने की इजाजत दी जाती है। प्रावधान के तहत अभियुक्त के मानसिक बीमारी के इलाज के दौरान अभियोजन स्थगित कर दिया जाता है, और उसे पूरी तरह से खारिज किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉ धर्मेश पटेल कुछ और सप्ताह जेल में रहेंगे और फिर उसे कैलिफोर्निया के बेलमोंट में उनके माता-पिता के घर छोड़ दिया जाएगा, जहां उन पर निगरानी रखी जायेगी। इस दौरान डॉ धर्मेश पटेल को शहर छोड़ने की इजाजत नहीं है और अपना ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट जमा करने के साथ ही सप्ताह में एक बार कोर्ट में पेश होना होगा।




रोम में फेमीसाइड को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान लाल रंग लगाये हुए प्रदर्शनकारी।

## पन्नू मामले में भारत की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा अमेरिका



वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि वह सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की भारत की जांच के नतीजों का इंतजार कर रहा है। पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। इन आरोपों के बाद भारत ने हत्या की कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई सूचनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। मिलर ने कहा, ''हम उन सदस्यों को निजी रूप से जवाब देने वाले हैं, जैसा कि हम हमेशा करते हैं। मैं उसके बारे में यहां नहीं बोलूंगा। अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल ने कहा था कि उनके देश ने पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश की भारत द्वारा जांच से संबंधित अद्यतन जानकारी मुहैया करने पर लगातार जोर देकर स्पष्ट किया है कि वाशिंगटन मामले में जवाबदेही चाहता है। कैम्पबेल ने पिछले हफ्ते अपनी और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलीवन की भारत यात्रा पर प्रेस वार्ता में ये टिप्पणियां कीं।

## टू फ्रंट वॉर की स्थिति में भारत के लिए फिर से सीधा उतरने को तैयार रूस, बनाया क्या प्लान



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भले ही चीन का दौरा किया हो। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भले ही शी जिनपिंग के साथ बैठकर कई डील की हो। लेकिन वो उतनी बड़ी नहीं होंगी, जितनी बड़ी पुतिन ने भारत के साथ करने का मन बनाया है। रूस और भारत के बीच एक ऐसी रक्षा डील होने वाली है, जिससे चीन भी खौफ खा रहा है। एक ऐसी रक्षा डील जो भारत को मजबूती देगा और रूस भारत के संबंधों को आधार भी प्रदान करेगा। खबर आ रही है कि कई सालों के इंतजार के बाद भारत रूस आपसी रसद समझौता फाइनल होने की कगार पर है। रूस ने पिछले सप्ताह ही इस डील को मंजूरी दे दी है।

ये समझौता अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह, मानवीय सहायता, आपदा राहत प्रयासों के लिए सैन्य से सैन्य आदान-प्रदान को सरल बनाएगा। यानी ये आर्मी टू आर्मी होगा। इंडियन आर्मी और रशियन आर्मी मिलकर बड़े पैमाने पर ऐसे अभियानों में साथ मिलकर भाग लेंगे, जो दोनों देशों के मदद के काम आ सके। ये ऐसे समझौतों की पूरी श्रृंखला है जिसपर भारत ने 2016 में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ शुरुआत करते हुए कई देशों के साथ हस्ताक्षर किए थे। रूस ने भी इसके साथ आगे आकर भारत को अपना समर्थन दे दिया है। रूस ने भारत के साथ हस्ताक्षर किए जाने वाले रसद समझौते के मसौदे को अब मंजूरी दे दी है।

ये समझौता कई सालों से भारत और रूस के बीच अटका पड़ा था। इसमें अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह आपदा राहत के लिए सैन्य आदान प्रदान को शामिल करना है। यानी जब कभी दोनों देशों को एक दूसरे की जरूरत होगी तब आर्मी टू आर्मी यानी सेना से सेना तक काम किया जाएगा। इसमें वॉर एक्सरसाइज, ट्रेनिंग और इसके साथ ही बंदरगाहों को मजबूत करने के लिए आपदा राहत के लिए सैन्य शक्ति प्रदान करना शामिल होगा। इसमें कई सुविधाएं दी जाएंगी। जिससे दोनों देशों की सेनाओं को मजबूती मिलेगी। अब इसे प्रभावी करने से पहले दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर होंगे।

## सुनीता विलियम्स और बुश विल्मोर 6 जुलाई को लौटेंगे धरती पर



### -बोइंग स्टारलाइनर में खराबी आने से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हैं

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विल्मोर अभी भी अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। कुछ हफ्ते पहले ही वह स्टेशन पहुंचे थे। उनके लौटने की दो बार तारीख टल चुकी है लेकिन, अब खुशखबरी है कि नासा ने उनकी वापसी की तारीख का ऐलान कर दिया है। दरअसल, बोइंग स्टारलाइनर में तकनीकी दिक्कत आने से विमान अंतरिक्ष में ही फंस गया है।

सुनीता और बुश को लेकर बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल ने पांच जून को धरती से उड़ान भरी थी और छह जून को सफलतापूर्वक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरा था। तकनीकी दिक्कत आने से विमान अभी भी स्टेशन में ही फंसा है। उसमें आई खराबी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापस आने की योजना अधर में लटकी है। नासा ने सीआईडी रिटर्न को तीन बार रीशेड्यूल किया है।

सुनीता विलियम्स और उनके साथी की स्पेस सेंटर से वापसी अब तय हो गई है। नासा के क्रू मैनेजर स्टीव स्टिच का कहना है कि स्टारलाइनर को 45 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में डॉक किया जा सकता है। नासा के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि सुनीता और बुश की धरती पर लौटने की तारीख छह जुलाई तय की गई है।

नासा के टैक्नीकल स्टॉफ का कहना है कि विमान के थ्रस्टर्स ज्यादा गर्म हो गए और हीलियम का भार वहन हुआ। मिशन प्रबंधन टीम डेटा की जांच कर रही है। छह जून को स्टारलाइनर के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में लैंडिंग के बाद यात्रियों को पता लगा कि पांच हीलियम लीक हो गए हैं और पांच थ्रस्टर्स ने काम करना बंद कर दिया है। एक वाल्व पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है। इसी कारण अंतरिक्ष में चालक दल को मरम्मत में ज्यादा समय लग रहा है।

## पाकिस्तान में हुए आम चुनाव की होगी जांच,अमेरिका ने प्रस्ताव पारित किया

वाशिंगटन। पाकिस्तान में हाल ही में हुए आम चुनाव में गड़बड़ी होने की बातें सामने आई थी। मुख्य विपक्षी दल पीटीआई के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान ने भी आरोप लगाए थे कि पाकिस्तान के चुनावों में घपला हुआ है और मतगणना के दौरान गड़बड़ी कर नवाज शरीफ की पार्टी को जिताया गया है। इस बीच अब इमरान को अमेरिका का भी साथ मिलते दिख रहा है। प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून के शासन को बनाए रखने में पाकिस्तान के साथ सहयोग करने का आग्रह किया गया। जॉर्जिया के कांग्रेसी मैककॉर्मिक और मिशिगन के कांग्रेसी किल्डी द्वारा पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए समर्थन व्यक्त करना शीर्षक वाले प्रस्ताव, एचआर 901 को पेश किया गया और 100 से अधिक सहयोगियों द्वारा सह-प्रायोजित किया गया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के समर्थन में एक द्विदलीय प्रस्ताव पारित किया और पाकिस्तान के 2024 के चुनावों में हस्तक्षेप के दावों की गहन और स्वतंत्र जांच का आह्वान किया। सदन के 85 प्रतिशत सदस्यों ने इसमें भाग लिया और इसके पक्ष में मतदान किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और पाकिस्तान के लोगों के अधिकारों का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित करता है, क्योंकि वे आर्थिक अस्थिरता और सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे हैं। इस प्रस्ताव का लगभग सर्वसम्मति से पारित होना पाकिस्तान सरकार को एक स्पष्ट संदेश देता है कि अमेरिका पाकिस्तान के लोगों के साथ लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के सम्मान की तलाश में खड़ा है।

## अब एआई आपका मूड नहीं होने देगी खराब

### -जापान ने इजाद की ये नई एआई तकनीक

**टोक्यो (एजेंसी)।** कई बार हमारी गलती न भी हों, तो सामने वाले का मूड खराब होने की वजह से वो हम पर चीखने-चिल्लाने लगता है। ऐसे हालात से निपटने के लिए जापान की एक कंपनी ने दिलचस्प समाधान निकाल लिया है। जापानी कंपनी ने एक ऐसी तकनीक इजाद की है जिसमें सामने वाला कितने भी गुस्से में हो, ये तकनीक उसकी तीखी आवाज़ को आपके कानों तक पहुंचते-पहुंचते मीठी और मधुर बना देगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक जापान की एक कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके ऐसा सॉफ्टवेयर बनाया है कि वो आपका मूड खराब नहीं होने देगा। कोई कितना भी चीखे-चिल्लाए, आपको उसकी आवाज़ मीठी और प्यारभरी ही लगेगी। ये खासतौर पर कॉल सेंटर ऑपरेटर्स के लिए बनाया गया है, जो फोन पर आने वाली गुस्से भरी आवाज़ को प्यार भरी बना देगा। जापान की कंपनी ने इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का स्मार्ट यूज़ किया है। ये एक ऐसा फिल्टर होगा, जो चीखने और गुस्से में जिल्लाने की आवाज़ को डिटेक्ट कर लेगा और इसे शांत और मधुर आवाज़ में बदल देगा। इसे बनाने वाली साफट बैंक कंपनी के डेवलपर्स में से एक तोशियुकी नाकातानी ने बताया - 'हमने एक इमोशन सरप्रेशन सिस्टम विकसित किया है, जो कर्मचारियों को परेशान करने वाली ग्राहकों की गुस्से भरी आवाज़ से बचाएगा।' ये वॉइस फिल्टर दो स्तर पर काम करेगा। पहले कि वो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से गुस्से भरी आवाज़ को पहचान लेगा और उसके की प्वाइंट्स को जान लेगा। दूसरे स्टेज पर वो अकाउस्टिक टूल के ज़रिये इसे नेचुरल और विनम्रता भरी आवाज़ में ट्रांसलेट कर देगा।

## भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों में वृद्धि चिंताजनक : एंटनी ब्लिंकन

**वाशिंगटन। (एजेंसी)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में ''चिंताजनक वृद्धि'' हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के मौके पर ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में भारत के अपने समकक्षों के साथ धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दों के बारे में लगातार चिंताएं व्यक्त कीं।



विदेश मंत्री ने कहा, ''भारत में हमने धर्मांतरण रोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषण, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के मकानों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इसके साथ ही दुनियाभर के लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं।'' भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 में से 10 राज्यों में सभी धर्मों के धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं। इनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं।

भारत ने पहले भी मानवाधिकारों पर अमेरिकी विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा है कि यह ''गलत सूचना और त्रुटिपूर्ण समझ'' पर आधारित है। विदेश मंत्रालय ने पिछले साल कहा था, ''कुछ अमेरिकी अधिकारियों की पक्षपातपूर्ण टिप्पणी इन रिपोर्टों की विश्वसनीयता को और कम करने का काम करती है।'' इस वर्ष की रिपोर्ट में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ईसाइयों और मुस्लिमों को जबरन धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया। धार्मिक समूहों का कहना है कि कुछ मामलों में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को झूठे तथा मनगढ़ंत आरोपों में प्रताड़ित किया गया तथा जेल में डाला गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के आह्वान पर विदेश विभाग ने कहा कि मुस्लिम, सिख, ईसाई और आदिवासी नेताओं तथा कुछ राज्य सरकारों के अधिकारियों ने इस आधार पर इसका विरोध किया है कि यह देश को ''हिंदू राष्ट्र'' में बदलने की योजना का हिस्सा है।

## एलन मस्क बने 12वें बच्चे के पिता, ज्यादा बच्चे पैदा करने के हैं हिमायती

### -टेस्ला के मालिक बोले-धरती पर अभी भी कम लोग हैं यह बहुत बड़ी समस्या

**सैंटफ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क के 12वीं बार पिता बनने पर आप भले ही हैरत करें लेकिन एलन मस्क बच्चे पैदा करने को लेकर हमेशा गंभीर रहे हैं। वह ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करना चाहते हैं और हाल ही में एक और स्वस्थ बालक उनके घर आया है। एलन मस्क अपने 12वें बच्चे का स्वागत करते कहा कि न्यूरालिंक की एंप्लॉयी शिवोन जिलिस के साथ पैदा हुआ नया बच्चा कोई 'सीक्रेट' नहीं था।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और उनकी पत्नी जिलिस की यह तीसरी संतान है। इससे पहले जिलिस ने जुड़वा बच्चे को जन्म दिया था। जिलिस न्यूरालिंक में ऑपरेशंस और स्पेशल प्रोजेक्ट्स की डायरेक्टर हैं। एलन मस्क की पहली पत्नी जस्टिन से पांच बच्चे हैं और कनाडा मूल की एक संगीतकार ग्राइम्स से उन्हें तीन बच्चे हैं। मस्क ज्यादा बच्चे पैदा करने के हिमायती हैं।

एलन मस्क के मुताबिक धरती पर अभी भी कम लोग हैं और यह बहुत बड़ी समस्या है। मस्क ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक कार्यक्रम में अपने टेस्ला बॉट जोकि एक तरह का एंड्रॉइड है के बारे में बात करते हुए कहा कि केवल एक बॉट सेना ही बिना आराम, भोजन या शिकायत के काम करने के इच्छुक मजदूरों की कॉर्पोरेट जरुरत को पूरा कर सकती है लेकिन जब तक बॉट चालू नहीं होते, तब तक मस्क के स्क्विड गेम को अभी भी मांस और खून वाले श्रमिकों की जरूरत है।

मस्क ने कहा, मैं इस पर और कितना जोर दूं कि धरती पर पर्याप्त लोग नहीं हैं। सभ्यता के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक कम जन्म दर है। मस्क कहते हैं कि ऐसे लोग जिनका आईक्यू अच्छा है, और बुद्धिमान हैं, उन्हें ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। जलवायु परिवर्तन और असमानता जैसे मसलों पर बात करते हुए उन्होंने कहा था कि बड़ी संख्या में लोग बच्चे पैदा न करने का फैसला ले रहे हैं। मस्क ने कहा कि बहुत से अच्छे, स्मार्ट लोग सोचते हैं कि दुनिया में बहुत सारे लोग हैं और जनसंख्या नियंत्रण से बाहर हो रही है। ऐसा नहीं है आज भी दुनिया में लोग कम ही हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### झीकपानी एसीसी मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**चाईबासा(बिभा)**। झींकपानी एसीसी मैदान मे टोंटो प्रखंड के दो दिवसीय सुब्रत कप स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में टोंटो प्रखंड के अंडर -15 और अंडर -17 आयु के बालक -बालिकाओं की 13 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर -17 बालक वर्ग में उउवि.बाइहातु को पराजित कर प्रोजेक्ट हाई स्कूल,पालीसाई विजेता बनी। वहीं बालिकाओं में केजीबीवी टोंटो ने उउवि. बांडीजारी को परास्त कर चैंपियन बना।अंडर -15 बालक वर्ग में उउवि.बांडीजारी को पराजित कर उउवि.बामेबासा विजेता बनी। इससे पूर्व प्रखंड प्रमुख अनीता बारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता की सफलता बनाने में शिक्षा विभाग के बीपीओ मिहिर बिरुली,पार्थ सारथी राय बीआरपी,सीआरपी, जनप्रतिनिधियों समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### सवित्री देवगम चुनी गई कमारहातु आंगनबाड़ी केंद्र -ए की सेविका



**चाईबासा(बिभा):** सदर प्रखंड के कमारहातु में ग्राम मुंडा बिरसा देवगम की उपस्थिति में आम सभा के समक्ष सदर प्रखंड के सीडीपीओ निलिसा कुमारी की अगुवाई में चयन समिति के सदस्यों मुखिया जुलियाना देवगम,पंसस दीनबंधु देवगम, प्रधानाध्यापिका सुमित्रा पुरती, उप-स्वास्थ्य केन्द्र के एमपीडब्ल्यू मनोरंजन सिंह,रीना कुमारी एवं सुपरवाइजर विनिता कुमारी ने अन्य अभ्यर्थियों से बेहतर शैक्षिक योग्यता के आधार पर सावित्री देवगम को आंगनबाड़ी -ए की सेविका चयनित किया । आंगनबाड़ी केंद्र -ए पोषक क्षेत्र की स्नाकोत्तर डिग्रीधारी एवं शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त सावित्री के चयन से ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि बच्चों को अच्छे पोषण के साथ -साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी।सेविका चयन स्थल में कमारहातु के दोनों केन्द्र के पोषक क्षेत्र के अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। लेकिन सीडीपीओ ने जानकारी दिया कि चयन प्रक्रिया में आंगनबाड़ी -ए के पोषक क्षेत्र के ही अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद आंगनबाड़ी -बी पोषक क्षेत्र अभ्यर्थियों ने आवेदन वापस ले लिया।सेविका चयनित होने के बाद सुमित्रा देवगम को मुखिया के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। सेविका चयन हेतु आयोजित आम सभा में आंगनबाड़ी -बी सेविका अंजू रीना देवगम, मतकमहातु की सेविकाएं सुमित्रा देवगम,सुनीता देवगम,सोमय देवगम,नंदलाल देवगम,कृष्णा देवगम, कृष्णा पाड़ेया,जयमती देवगम,पोते देवगम,मधुसूदन देवगम,सोना सिंह देवगम,सुरजा देवगम,सालुका देवगम,सुमित्रा पाड़ेया,सोनामुनी देवगम,शिमलन देवगम,शकुंतला देवगम, तुराम देवगम, राजेश देवगम,प्रकाश देवगम,ललिता देवगम,डाकुवा साऊ देवगम समेत काफी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्रामीण एकता मंच हूल दिवस को लेकर हुआ सक्रिय, सरायकेला में 30 जून को होगा कार्यक्रम



**सरायकेला(बिभा):** ग्रामीण एकता मंच जिला मुख्यालय सरायकेला में 30 जून को होने वाली हूल दिवस की तैयारी को लेकर सक्रिय हो चुकी है। उक्त मंच के निरेन चंद्र सोरेन ने बताया कि 30 जून को हूल दिवस में मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे। विशिष्ट अतिथि एमपी जोबा माझी सहित गणमान्य आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। हूल दिवस में खरकाई नदी के माजणा घाट से सिद्धू कान्हू पार्क तक शोभायात्रा निकालेगा। शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्र भी रहेगी। सिद्धू कान्हू पार्क में मुख्य कार्यक्रम होगी। युद्ध के समय उपयोग होने वाले पारंपरिक वाद्य यंत्र साबुआ, नागढ़ा,टमक, तीर धनुष आः सार का भी पूजा अर्चना होगी। पूजा अर्चना के बाद वीर शहीद सिद्धू कान्हू के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर इनके कृतित्व को याद किया जाएगा। हूल दिवस कार्यक्रम में सभी माझी बाबा, मुखिया, ग्रामीण, आमजन भी शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा का भी इस हूल दिवस समारोह को सफल करने के दिशा में मार्गदर्शन मिल रहा है। कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय के लिपिक एस.नंदा को एसीबी ने किया गिरफ्तार



**सरायकेला(बिभा):** अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित एलआरडीसी कार्यालय में लिपिक के प्रभार में कार्यरत महिला कर्मचारी एस. नंदा को एसीबी की टीम ने किया गिरफ्तार। सूत्रों के मुताबिक लिपिक स्वागता नंदा ने सिंह सोय नामक व्यक्ति के म्यूटेशन फाइल बढ़ाने के काम के एवज में 8 हजार रिश्वत मांगी थी। इसके बाद मामला जमशेदपुर एसीबी के पास पहुंचा। एसीबी ने जाल बिछाया और महिला को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इस अभियान में एसीबी के पदाधिकारी व महिला, पुरुष कर्मी शक्रिय थे।

### शिक्षिका सुरेखा भंज का निधन



**चाईबासा(बिभा):** सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय,बागुनबासा की प्रभारी सहायक अध्यापिका सुरेखा भंज( 52 वर्ष) का गुरुवार को स्कूल से आने के बाद 2 बजे अपराह्न में आकस्मिक निधन हो गया है। एकल शिक्षिका के रुप कार्यरत सुरेखा का समय से कैंसर से पीड़ित थी। मिलनसार स्वभाव की सुरेखा के निधन की खबर पाकर बीइओ प्रमिला कुमारी ने पार्थिव पर माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।तुईबीर निवासी शिक्षिका सुरेखा अपने पीछे पति समेत एक लड़की और एक लड़का छोड़ गई।शिक्षिका के आकस्मिक निधन पर बीइओ कार्यालय के बीपीओ,बीआरपी, सीआरपी समेत शिक्षकों के बीच शोक व्याप्त है।सुरेखा के निधन पर मुक्तिरानी सावैयां,साधुचरण बुड़ीउली,विजय लक्ष्मी, कृष्णा देवगम,ललिता चातर आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# मनोहरपुर में नक्सली मिसिर बेसरा और माओवादियों के फ्रंटल ऑगेर्नाइजेशन के विरुद्ध एनआईए ने की छापेमारी

**मनोहरपुर स्थित योगेश्वर गोप उर्फ जोगी ईंट भट्ठा के कार्यालय में पहुंचकर कि छापेमारी**

बिभा संवाददाता





चाईबासा। पश्चिम सिंहभूम के मनोहरपुर में देश की सबसे बड़ी सुरक्षा जांच एजेंसी एनआईए की टीम गुरूवार सुबह से छापामारी कर रही है. बताया जा रहा है की एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा और माओवादियों के फ्रंटल ऑगेर्नाइजेशन और माओवादी टेरर फंडिंग के विरुद्ध एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है. इधर जानकारी यह भी मिली है की आनंदपुर में 2022 में तीन नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. जानकारी के अनुसार मिसिर बेसरा को गोला बारूद व अन्य फंड को लेकर यह तीन नक्सली समर्थक मिसिर बेसरा से मिलने जा रहे थे. उस समय पुलिस को कुछ खुफिया और एक चिट्ठी फंड को लेकर मिली थी.एनआईए रांची ब्रांच की टीम गुरुवार की सुबह मनोहरपुर स्थित योगेश्वर गोप उर्फ जोगी ईंट भट्ठा के कार्यालय में पहुंचकर तलाशी ले रही है. एनआईए की टीम किस मामले में छापेमारी कर रही है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है. लेकिन खबरें सामने आ रही है कि भाकपा माओवादियों को फंडिंग करने के मामले में यह छापेमारी चल रही है. एनआईए की टीम उन लोगों की जानकारी इकठ्ठा कर रही है जो प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन माओवादी और नक्सली को टेरर फंडिंग करते हैं.

ठक्अ की इस छापामारी से उन लोगों में अब हड़कंप मच गया है जो नक्सलियों को फंडिंग करते हैं. इससे पहले भी नक्सलियों के कई दस्तावेज पुलिस के हाथ लगे हैं जिसमें नक्सलियों को फंडिंग करने वालों के नाम दर्ज थे. जाहिर है सुरक्षा एजेंसी के हाथ ऐसे ही कई पुख्ता सबूत लगे होंगे जिसके तहत अब देश की बड़ी सुरक्षा जांच एजेंसी छापामारी कर रही है. बता दें की पश्चिम सिंहभूम की पुलिस पहले से ही मिसिर बेसरा की तलाश में सारंडा और कोल्हान जंगल में अभियान तेज किये हुए है. पिछले दिनों पांच नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने गुआ थाना क्षेत्र के जंगल में मुठभेड़ में मार गिराया था. इस मुठभेड़ के बाद भी सुरक्षाबलों ने जहां दो नक्सलियों को जिन्दा पकड़ा था वहीं घटना स्थल से नक्सलियों के कई सामान बरामद किये थे. जहां एक तरफ सुरक्षाबलों का अभियान तेज है. वहीं सुरक्षा जांच एजेंसी ने भी छापामारी तेज कर दी है. नक्सली चारों तरफ से अब घिरते नजर आ रहे हैं. उनको फंडिंग करने वालों पर अब शिकंजा कसना तय है.इधर बताया जा रहा है की एनआईए की टीम ने चार घंटे तक योगेश्वर गोप ईंट भट्ठा फैक्ट्री के कार्यालय में छापामारी के बाद लौट गयी है. एनआईए की टीम भट्टा कार्यालय से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने साथ ले गयी है. इधर बताया जा रहा है की ईंट भट्ठा के मालिक योगेश्वर गोप इस दौरान मनोहरपुर में नहीं थे. लेकिन उनके दोस्त और पार्टनर राजेश कुमार से एनआईए घंटों पूछताछ किया. बता दें की जोगेश्वर गोप पश्चिम सिंहभूम के गुआ में रहते हैं और गुआ में ही कुछ दिन पहले हुए मुठभेड़ में पुलिस को कामयाबी मिली थी, दो नक्सली जिन्दा पकड़ाए थे. जिसमें से एक एरिया कमांडर टाइगर है.

**सरायकेला में लर्निंग टीचिंग मटेरियल मेला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन**

# बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**सरायकेला-खरसावां** : निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के सभी जिलों में निपुण समागम 2024 के तहत जिला स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएमल) मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नृपराज प्लस टू उच्च विद्यालय, सरायकेला में लर्निंग टीचिंग मटेरियल मेला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा किया गया। मेले में विभिन्न स्टॉल पर सभी प्रखंड से शिक्षकों के द्वारा बनाये गए भाषा, गणित, अंग्रेजी और बहुभाषा से सम्बंधित टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएमएल) को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त नें कहा कि शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्कता है एवं बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए यह जरुरी है कि समय-समय पर कक्षा कक्ष में भी इस तरह के ळछट का निर्माण अथवा इसका उपयोग होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समागम का उद्देश्य अन्य विद्यालयों के बेहतर प्रयासों/क्रियाओ से सिख लेकर नई दिशा में प्रयास कर बच्चो को बेहतर वातावरण में शिक्षा प्रदान करना है, सभी शिक्षक आपसी समन्वय स्थापित कर जिज्ञासा से नई दिशा में कार्य करें,बच्चों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखते हुए खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करें। उपायुक्त ने कहा कि नई तकनीक तथा विज्ञान, गणित आदि की जानकारी दैनिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को दें।

मेले में विभिन्न स्टॉल पर शिक्षको द्वारा लगाए गए टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त नें शिक्षकों से वार्ता कर बच्चो को नई तकनीको से खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने की बात कही, उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका है आपके कुशल योगदान से बच्चे नई ऊंचाई की ओर बढ़ेंगे।

मौके पर उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बदीर्यार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं अन्य उपस्थित रहें।

## मानकी मुण्डा संघ नें किया जगन्नाथपुर हाट बाजार का निरिक्षण

बिभा संवाददाता

**चाईबासा**। जगन्नाथपुर प्रखंड मुख्यालय में मुंडा मानकी कार्यालय भवन में मानकी मुंडा का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मानकी मुंडा संघ के अध्यक्ष कामिल कराई ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसान विक्रेताओं को बजार मे जगह दिलाना, साप्ताहिक बाजार में रोड के बीच में लगे दुकानों को हटाना, बेफिजूल की जगह घेर कर रखने वाले विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी के साथ साप्ताहिक हाट-बजार को सुचारू रूप से चलाने को लेकर था। बैठक के उपरांत स्थानीय मुंडा विकास महापात्र एवं अन्य मानकी मुंडा के साथ साप्ताहिक हाट बाजार परिसर में भ्रमण कर विक्रेता के द्वारा अपने दुकान को यहां वहां लगाना एवं अधिक जगह में दुकान को फैला कर लगाने वाले विक्रेता को चिन्हित किया गया। इस दौरान देखा गया कि स्थानीय दुकानदारों के द्वारा बाजार में लगे सरकारी सेड़ को कब्जा कर लिया गया है। जिससे दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसान विक्रेता जगह के अभाव में अपनी साग सब्जी बीच रास्ते में रख कर बेच रहे हैं। इसके बाद स्थानीय मुंडा विकास महापात्र ने वैसे दुकानदारों को जो अधिक जगहो में अपनी दुकानों फैलाए हुए हैं वैसे दुकानदारों को सख्त हिदायत के साथ किसान विक्रेता को जगह देने की बात कही। कुछ वैसे स्थानीय दुकानदार जो अपने दुकान को आने जाने वाले रास्ते में लगाए हुए हैं उन्हें अपने सीमित जगह में दुकान लगाने की बात कही। स्थानीय मुंडा विकास महापात्र ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र से आए किसान विक्रेता को जगह देना होगा। बाजार परिसर में जगह का अभाव नहीं है बाजार परिसर में जो भी दुकानदार वाहन पार्किंग, साइकिल पार्किंग कर रहे हैं उन जगहों पर दुकान लगाया जा सकता है। यह भ्रमण जारी रहेगी यदि कोई दुकानदार बातों को अनदेखा करते हैं और अपने दुकान यहां वहां एवं आने जाने वाले रास्तों में लगाते हैं तो उन पर प्रशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## केसी हेंब्रम के सपनों को साकार करने के लिए उलगुलान होगा : बुधराम लागुरी

**जल जंगल जमीन पर हक के लिए के. सी. हेंब्रम ने लड़ाई लड़ीः माईकल तिरिया**

बिभा संवाददाता



**चाईबासा**। के सी हेंब्रम के सपनों को साकार करने के लिए उलगुलान की जरूरत है। इसके लिए कोल्हान रक्षा संघ किसी भी हद तक जा सकता है। यह बातें आज टोन्टो प्रखंड के ग्राम टेंसरा में कोल्हान रक्षा संघ के संस्थापक सह महासचिव दिवंगत के सी हेंब्रम के पुण्यतिथि समारोह में आयोजित सभा में मानकी मुंडा संघ कोल्हान पोड़ाहाट के पूर्व केंद्रीय प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने कही। श्री लागुरी ने कहा कि कोल्हान ऑटोनॉमस काउंसिल के बिना कोल्हान एरिया की जनता असुरक्षित है। इसके लिए गांव गांव में बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक कर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर कोल्हान रक्षा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष माईकल तिरिया ने कहा कि कोल्हान के लोगों को जल जंगल जमीन में हक और अधिकार दिलाने के नाम पर पूर्व केंद्रीय महासचिव दिवंगत नेता के सी हेंब्रम ने अपनी सारी जिंदगी गवां दी। उनकी सपनों को साकार करने के लिए कोल्हान में फिर एक उलगुलान की अवशयकता है। इस मौके पर के सी हेंब्रम के भतीजा मानसिंह हेंब्रम, संघ के केंद्रीय सचिव नूनाराम माझी, ब्रजमोहन मिश्रा, राजू पान, संगठन सचिव जयसिंह सुंडी, के सी हेंब्रम की पुत्री सरस्वती हेंब्रम, विक्रम बोइपाई, कानू हाईबुरु, बुधराम पूर्ति ने भी संबोधित किया। इस मौके पर के सी हेंब्रम के पुजारी बुधराम पूर्ति ने ग्राम देसाउली में पूजा अर्चना करने के बाद के सी हेंब्रम के समाधि पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर कोल्हान व सारंडा एरिया के मानकी मुंडा और संघ के सेक्रेटरी समेत जगदीश केराई, इंदू शेखर तिवारी, करण चांपिया, नरसिंह चंपिया, कानूराम केराई, पाली पूर्ति, किशोर मुंगिया, चंबरा लागुरी समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग प. सिंहभूम चाईबासा मे 2017 के तीन और वादों का निष्पादन

बिभा संवाददाता

**चाईबासा**। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग प सिंहभूम चाईबासा मे वर्ष 2017 के तीन और वादों का निष्पादन किया गया जिसमें लखेंद्र यादव ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ लोन पर लिए गए ट्रक को आपसी सहमती के वावजूद बैंक द्वारा बेचे जाने का मामला दर्ज कराया था जिसमे लोन को चुकाने के रूप में सहमती ५ लाख रुपए में हुई थी तथा बैंक को सहमती राशी का पचीस प्रतिसत देने के वावजूद बैंक द्वारा ट्रक को बेच दिया गया। न्यायालय के आदेश के वावजूद बैंक ने ऑक्शन से सम्बंधित कोई भी दस्तावेज दायर नहीं किया जिससे यह पता चलता है की इसमें बैंक द्वारा सर्विस में कमी है तथा न्यायालय ने बैंक को एक लाख पचीस हजार लौटाने का आदेश दिया तथा साथ ही पचास हजार मानसिक प्रतारणा हेतु तथा दस हजार लिटिगेशन कास्ट के रूप में जमा करने का आदेश दिया ।

वहीं दीपोली सिन्हा (प्रोप्रिएटर श्रेया मेडिकोन और राजेश सिन्हा ने नेशनल इंसुरेंस कंपनी के खिलाफ आग से हुई क्षति के लिए मामला दर्ज कराया था जिसमे एक ही बिल्डिंग के लिए दो अलग अलग बीमा कराया था जिसमे एक दुकान के लिए था और एक घर का था और दोनों ने दो अलग अलग वाद दुकान में हुई दवा जलने के लिए आर्थिक क्षति और दुसरे ने घर में हुई आर्थिक क्षति के लिए वाद दर्ज कराया था। उपभोक्ता न्यायालय ने दवा की आर्थिक क्षति के लिए एक लाख बावन हजार का मुआवजा दिया साथ ही पचास हजार मानसिक प्रतारणा हेतु तथा दस हजार लिटिगेशन कास्ट के रूप में जमा करने का आदेश दिया। जबकि दुसरे केस में वाद को यह कहते हुए खारिज कर दिया की एक ही घर में आग लगने से होने वाली क्षति के लिए दो अलग अलग मुआवजा नहीं दिया जा सकता

# एनजीटी के रोक लगने और मुख्यमंत्री का आदेश का उड़ रहा धज्जियां, नदियों से हो रहा अवैध बालू का खनन, विभाग मौन

बिभा संवाददाता

**चाईबासा** : एनजीटी के रोक के बावजूद मुख्यमंत्री का आदेश का खुलेआम बालू माफिया, चोर तस्कर , धज्जियां उड़ा रहे हैं. पश्चिमी सिंहभूम जिला में नदियों से सीधा अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। लेकिन खनन विभाग पूरी तरह मौन है। इसका एक ताजा उदाहरण बुधवार को सुबह देखने को मिला जब पश्चिमी सिंहभूम जिला चाईबासा के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राहुल देव बड़ाइक ने अवैध बालू लदा तीन हाईवा को जब्त कर मुफ्फसिल थाना सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार एसडीपीओ राहुल देव बड़ाइक को गुप्त सूचना मिली थी कि एनजीटी रोक के बावजूद बालू माफिया अवैध रूप से बालू तांतनगर की ओर से हाईवा से चाईबासा और अन्य जगहों ला रहे है। जिसके बाद बुधवार की सुबह चाईबासा तांतनगर मुख्य सड़क तुईबीर गांव के समीप में छपामारी की गई। इसी दौरान चाईबासा की ओर आ रहे 3 हाईवा को पकड़ा गया। पुलिस को देखते ही उक्त तीनों हाईवा के ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए हाईवा संख्या ओआर 23 सी 1955, ओआर 23 ई 6521, जेएच 06 क्यू 9164 शामिल है। तीनों हाईवा को मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द कर दिया गया। काफी देरी इंतजार करने के बाद भी उक्त बालू का वैध चालान वाहन मालिकों द्वारा नही दिखा पाए। एसडीपीओ ने बताया कि अवैध बालू तस्करी सहित अन्य अवैध कार्यों के लिए लगातार पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। बता दे कि झारखंड में एनजीटी लागू होने के कारण अवैध खनन पर रोक लगा है। इसके बावजूद नदियों से खनन कर धड़ल्ले से बालू का कारोबार हो रहा है। लेकिन जिसे पकड़ना चाहिए वह मौन धारण किया है। जबकि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का साफ आदेश था कि अवैध खनन पर रोक लगाया जाए। लेकिन पश्चिमी सिंहभूम जिला में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। बालू का अवैध कारोबारों में भी मनमाने ढंग से पैसा का खेल चलता है।



**पमपरा और ग्रामीण क्षेत्र में बालू का है अवैध भंडारण**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पामपरा ,कोकचो, नदियों बालू घाटों के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से बालू का भंडारन बालू चारों तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर किया गया है। जहां से अवैध रूप से हाईवा से बिना परमिट का कारोबार किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन पूरी तरह मौन हैं। एनजीटी की रोक लगने के बावजूद नदियों, बालू घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव, भंडारण, कारोबार और परिवहन हो रहा है और ऊंची कीमत पर बालू को बेचा जा रहा है बालू चोरों तस्करों द्वारा दर्जनों स्थानों पर भारी मात्रा में लाखों सीएफटी बालू का अवैध भंडारण कर रखा गया है। ऐसी बात नहीं कि इसकी जानकारी खनन विभाग और पुलिस स्थानीय पुलिस प्रशासन को नहीं है लेकिन सब कुछ सिस्टम के नाक के नीचे हो रहा है और बालू चोरों, तस्करों को संरक्षण मिल रहा है। बालू का अवैध कारोबार फल फूल रहा है और बालू चोरों को चांदी कट रही है। बालू का अवैध धंधा रोकने वाले संबंधित लोगों की चीज गर्म हो रहे हैं यही कारण है कि लाख प्रयास और एनजीटी के रोक लगने और मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद चाईबासा कुजू , तांतनगर , इलिगढ़ा , संगम, बोंदोडीह, मनोहरपुर गोईलकेरा का दलकी, पोकाम सहित जिले भर में अवैध बालू का धंधा, नदियों बालू घाटों से बालू का अवैध उठाव, कारोबार ,भंडारण परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

**गोइलकेरा और गुदड़ी से भी हो रहा है अवैध बालू का कारोबार, रात में होता है बालू का बड़ा कारोबार**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा और गुदड़ी से भी अवैध बालू का कारोबार खुलेआम किया जा रहा है। लेकिन कहीं भी रोक-टोक नहीं है। बताया जाता है कि गोइलकेरा माराआश्रम और गुदड़ी से नदी से निकाल कर डंप किये स्थान से बालू माफिया ट्रेक्टर, डंपर व हाईवा में बालू की अवैध कारोबार करते हैं। जहां से सीधा चक्रधरपुर शहर में रात भर करते हैं। लेकिन कहीं भी उन्हें रोक-टोक नहीं है। जबकि थाना के बगल से गुजर रहा है। यही हाल चाईबासा के साथ-साथ झींकपानी आदि क्षेत्र में बालू की सप्लाई होती है। बीते दिनों चक्रधरपुर एसडीओ रीना हासदा ने बालू चारों तस्करों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और दर्जनों अवैध बालू लदा हाईवा, ट्रक , ट्रेक्टर आदि को जप्त किया था , जिससे बालू चारों तस्करों में हड़कंप मच गया गया था। मगर हाल के दिनों में चक्रधरपुर अनुमंडल में बड़े पैमाने पर नदियों बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव, कारोबार और परिवहन धररले हो रहा है। मानो जैसे एनजीटी के रोक और मुख्यमंत्री के बालू चोरी तस्करी को रोकने के सख्त निर्देश के बावजूद बालू चारों तस्करों को नदियों ,बालू घाटों से बालू का अवैध उठाओ , भंडारण, परिवहन और कारोबार करने की छूट मिल गई हो। मनोहरपुर गोईलकेरा दलकी पोकाम आदि क्षेत्र में चक्रधरपुर का एक चर्चित नेता बालू चोरी, तस्करी में लिप्त है और इस अवैध धंधे का सरगना बताया जाता है। जो मंत्री ,सांसद ,विधायकों ,माननीयो के साथ फोटो खिंचवाकर अधिकारियों पर रौब दिखाकर और अपने झांसे में लेकर बालू के अवैध धंधे और कारोबार को बड़े पैमाने पर कर रहा है।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com